दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 77 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 18 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष अमावस्या, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# देश को मिली पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

## टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता/गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है। पीएम ने मालदा में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन किया। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी के बीच चलेगी। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर से मुलाकात और उसके बारे में जाना। पीएम ने ट्रेन में मौजूद बच्चों से भी बात की।



### पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलेगी और पूर्वोत्तर तथा पूर्वी भारत के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत बनाएगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, इस सेवा से न केवल यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर मिलेगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। पूरी तरह वातानुकूलित इस ट्रेन में कुल 16 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 823 यात्रियों के एक साथ यात्रा करने की क्षमता है।



### पीएम के संबोधन की 7 बड़ी बातें

- **पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम:** हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है। उनका विश्वास भाजपा के साथ है।
- **पत्थरदिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी:** टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। वो अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। मैं चाहता हूं कि देश की तरह बंगाल के गरीबों को 5 लाख का मुफ्त इलाज मिले, यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो। बंगाल देश का एक मात्र ऐसा राज्य है। यहां ये योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार, ऐसी निर्मम सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।
- **बंगाल की हर दिशा में सुशासन की सरकार:** कुछ दिन पहले बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी है। यानी बंगाल की हर दिशा में बीजेपी के सुशासन की सरकार है। अब बंगाल की बारी है। इसलिए बिहार चुनाव की जीत के बाद मैंने कहा था- मां गंगा के आर्शीवाद से अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी। बीजेपी ये काम करके रहेगी।
- **महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने अभद्रता की:** बंगाल के युवा साथियों, माता-बहनों की बड़ी जिम्मेदारी है। एक महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने कितनी अभद्रता की। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में बेटियां सुरक्षित नहीं। निर्ममता ऐसी की बेटियों की सुनवाई नहीं होगी। पीड़ितों को बात-बात पर कोर्ट जाना पड़ता है। इसे बदलना होगा। ये काम कौन करेगा- ये काम आपका एक वोट करेगा।




- **बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है:** आप देखिए दुनिया के जो विकसित देश हैं, समृद्ध देश हैं, जिन्हें पैसों की कमी नहीं, वे भी घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। प. बंगाल में भी घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी है। एक एक घुसपैठिए को निकालना जरूरी है। टीएमसी के रहते ये संभव नहीं है। ये जमीन-हक, बहन-बेटियों की रक्षा नहीं करेंगे। इन्हें सत्ता से बाहर निकालना चाहिए।
- **बाढ़ पीड़ितों को यहां पैसा तक नहीं मिलता:** मैं मालदा की बाढ़ राहत की ष्त्र रिपोर्ट देख रहा था। टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया। जो इसके हकदार नहीं थे, उन्हें लाखों रुपए दिया गया। जिन पर संकट आया उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनते ही, टीएमसी के ऐसे सारे काले कारनामें बंद किए जाएंगे।

## भागवत बोले- इंटरनेशनल ट्रेड किसी दबाव में नहीं होगा

### कोई देश टैरिफ लगाता रहे, भारत आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलेगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए। भागवत ने कहा कि कुछ देश ग्लोबलाइजेशन को सिर्फ ग्लोबल मार्केट की तरह देखते हैं, लेकिन भारत इसे एक ग्लोबल फैमिली के नजरिए से देखता है। हमें दूसरे देशों में रोजगार पैदा करने की चिंता नहीं करनी चाहिए, यह उनकी जिम्मेदारी है। भागवत ने कहा कि भारत के साथ अगर कुछ अच्छा या बुरा होता है, तो इसके लिए हिंदुओं से सवाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र (ज्योग्राफिकल इलाका) नहीं है, बल्कि एक विचार, संस्कृति और चरित्र का नाम है।

## योगी बोले-अहिल्याबाई की टूटी मूर्ति का वीडियो एआई से बना

### यह कांग्रेस की साजिश, रानी की प्रतिमा सुरक्षित; मणिकर्णिका घाट पर अभी काम रुका



बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** काशी में मणिकर्णिका घाट पर रानी अहिल्याबाई की मूर्ति टूटने के विवाद पर सीएम योगी ने शनिवार को इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा- रानी की मूर्ति सुरक्षित रखी है। कांग्रेस ने एआई से मूर्ति टूटने का वीडियो बनाया। यह काशी को बदनाम करने की साजिश है, इसलिए मुझे खुद यहां आना पड़ा। साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। सीएम ने कहा- मंदिर तोड़े गए हैं, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया है। जब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा, तब प्रतिमा नई तरह से दिखेगी। कांग्रेस मंदिर तोड़ने के एआई वीडियो से जनता को गुमराह कर रही, यह अपराध है। सीएम ने कहा- अहिल्याबाई का कांग्रेस ने सम्मान नहीं किया। इनके नेताओं की टिप्पणी पर हंसी और दया आती है। ये वैसा ही है, जैसे 100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। मैं एआई से तस्वीर बनाने वालों को चेतावनी देता हूं, इसे कतई स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल, 10 जनवरी को इंदौर के होल्कर ट्रस्ट ने दावा किया था कि मणिकर्णिका घाट पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति तोड़ दी गई। कई धार्मिक प्रतीकों को भी नुकसान हुआ। कुछ मूर्तियां टूटकर मलबे में दब गईं।

## मालवीया फिर कांग्रेस में

### दिन में अनुशासन समिति की बैठक और रात में पार्टी में वापसी का लेटर जारी

बढ़ता राजस्थान

**बांसवाड़ा।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया की शुक्रवार रात कांग्रेस में वापसी हो गई। इससे पहले 3 स्तर पर रिपोर्ट बनी। आखिरकार पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने रिपोर्ट शुक्रवार देर रात को एआईसीसी दिल्ली भेजी। रिपोर्ट को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 घंटे में ही अप्रूवल दे दी। उसके बाद रात को मालवीया की कांग्रेस वापसी का आधिकारिक पत्र जारी हो गया। उधर, प्रदेश कार्यालय में जल्दी ही उनकी जॉइनिंग हो सकती है।

#### दिन में बैठक, रात में मंजूरी

इससे पहले दिन में पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अध्यक्षता में राजस्थान कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक हुई थी। बैठक में मालवीया को वापस कांग्रेस में शामिल करने का फैसला किया गया। इसमें पिछले चुनावों के समय कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए मालवीया की घर वापसी पर मुहर लगी।



लेकिन पेंच फंस गया कि वे सीडब्ल्यूसी मेंबर रह चुके हैं। नियमानुसार उनका निर्णय स्टेट स्तर पर लेना संभव नहीं था। इस पर अनुशासन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पीसीसी चीफ को दे दी। पीसीसी ने दिल्ली बात की। उसके बाद मालवीया की वापसी का फैसला आखिर भारतीय कांग्रेस कमेटी पर छोड़ दिया। दिल्ली ने डोटासरा की रिपोर्ट मांगी। पीसीसी ने प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा।

डोटासरा ने बताया कि दूसरे रिपोर्ट के चलते मालवीया सीडब्ल्यूसी मेंबर रह चुके हैं। इस कारण उनका फैसला एआईसीसी स्तर पर रखा गया।

## प्री बजट बैठक : लोगों की जरूरत और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दें : उपमुख्यमंत्री

### विकसित राजस्थान डॉक्यूमेंट के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि सड़क, पुल तथा भवन आदि के जो प्रस्ताव आगामी बजट के लिए तैयार किए जा रहे हैं, उनमें संबंधित अधिकारी लोगों की जरूरत और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दें। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बजट को ध्यान में रखते हुए विभागीय तैयारियों एवं प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट से पूर्व सभी प्रस्तावों पर गहन समीक्षा एवं आवश्यक अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए अत्यंत आवश्यक तथा संबंधित क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने वाली सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता दें।



उन्होंने कहा कि आगामी बजट के लिए सड़कों, पुलों एवं भवनों से जुड़े कार्यों का चयन जनहित, क्षेत्रीय आवश्यकता, यातायात सुविधा एवं सुरक्षा तथा दीर्घकालीन उपयोगिता को ध्यान में रखकर किया जाए।

**व्यावहारिक रूप से समय पर पूर्ण होने वाले प्रस्ताव तैयार करने पर जोर-** उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्ताव तकनीकी रूप से सुदृढ, वित्तीय रूप से व्यावहारिक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन योग्य हों, ताकि बजट स्वीकृति के पश्चात कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाये की प्रस्तावित सड़क परियोजना वन क्षेत्र,रिहायशी क्षेत्र अथवा अन्य किसी कारण से लंबित एवं बाधित न हो।

**तीन दिन फील्ड विजिट के निर्देश** -उपमुख्यमंत्री ने जनता एवं क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप बजट घोषणाओं के लिए अधिकारियों को आगामी तीन दिन तक फील्ड विजिट के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिलों में पदस्थापित अधिकारी फील्ड में जाकर यह सुनिश्चित करें कि कौनसी सड़क परियोजना उस क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाने एवं लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक है।



# मां और भाई की आंखों के सामने टूटा 12वीं की छात्रा का दम

## स्कूल की दूसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत, इलाके में मचा कोहराम

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** श्रीगंगानगर शहर के एसडी गर्ल्स स्कूल में शुक्रवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 12वीं कक्षा की एक छात्रा दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई। हादसा इतना भयावह था कि छात्रा ने मां और भाई की आंखों के सामने ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई, वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि छात्रा शुक्रवार को केवल प्रैक्टिकल परीक्षा देने ही स्कूल आई थी। वह पहले से ही अस्वस्थ चल रही थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद करीब शाम सवा चार बजे वह स्कूल की दूसरी मंजिल से नीचे उतर रही थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ी।

### तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन नहीं बची जान

हादसे के तुरंत बाद स्कूल स्टाफ और परिजनों की मदद से छात्रा को नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम किया गया

### पुलिस जांच में हर पहलू खंगालने के निर्देश

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना के कार्यवाहक थानाधिकारी रामेश्वरलाल बिश्नोई जिला अस्पताल पहुंचे और बाद में स्कूल जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।

प्रारंभिक तौर पर मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन हालात संदिग्ध होने के कारण हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### परिवार सदमे में स्कूल प्रशासन ने जताया दुख

मृतका का परिवार पुरानी आबादी टावर रोड क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के समय छात्रा की मां और भाई स्कूल के पास ही मौजूद थे, लेकिन पल भर में हुए हादसे को रोक नहीं सके। इस दर्दनाक घटना से परिजन सदमे में हैं। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश कटारिया ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बताया कि छात्रा पिछले कुछ समय से बीमार थी और सिर्फ प्रैक्टिकल परीक्षा देने के लिए ही स्कूल आई थी। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर स्कूल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की सेहत को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## स्टाफ की अनूठी पहल पीएम श्री विद्यालय प्रागपुरा में रंग-रोगन हेतु जुटाए 1.61 लाख रुपये

### 26 जनवरी से पहले बदलेगा स्कूल का स्वरूप

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, प्रागपुरा में शिक्षकों एवं स्टाफ ने अनूठी मिसाल पेश करते हुए विद्यालय के रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण के लिए स्वयं 1,61,000 रुपये की राशि जुटाई है। यह राशि पूरी तरह से स्टाफ द्वारा स्वेच्छा से दी गई है, ताकि विद्यालय भवन तथा कक्षा-कक्षों का रूप निखर सके और बच्चों को बेहतर शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराया जा सके। विद्यालय स्टाफ के प्रत्येक सदस्य ने 5,100 रुपये का सहयोग दिया, जबकि प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोड़िया ने व्यक्तिगत रूप से 15,000 रुपये का योगदान किया। निर्धारित योजना के अनुसार 26 जनवरी से पहले विद्यालय में रंग-रोगन का काम शुरू होकर प्राथमिक तौर पर बच्चों के कक्षा-कक्षों में किया जाएगा, इसके पश्चात विद्यालय भवन एवं अन्य हिस्सों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोड़िया ने कहा कि विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत चयनित होने के बाद संसाधनों के उन्नयन और शिक्षण वातावरण में सुधार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। स्टाफ की यह पहल बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे विद्यालय परिसर आधुनिक, स्वच्छ एवं आकर्षक रूप में तैयार हो सके। विद्यालय स्टाफ का मानना है कि शिक्षा के साथ-साथ वातावरण भी बच्चों के व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को प्रभावित करता है, इसलिए साफ-सुथरा और रंगीन विद्यालय परिसर विद्यार्थियों में उत्साह और रचनात्मकता का संचार करेगा। इसी सोच के साथ यह कदम उठाया गया है, जो स्थानीय स्तर पर एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों व अभिभावकों ने भी विद्यालय स्टाफ की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि सरकारी विद्यालयों की छवि बदलने के लिए इस प्रकार का सामूहिक योगदान महत्वपूर्ण है, जिससे शैक्षिक व्यवस्था में नया सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा।

## मैराथन दौड़ से दी स्वास्थ्य व नशामुक्ति की प्रेरणा

### विजन राजस्थान को लेकर आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** विजन राजस्थान-2026 के तहत मैराथन दौड़ लगाई गई। कार्यक्रम के जरिए युवाओं को स्वास्थ्य और नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी गई। मैराथन की शुरुआत दशहरा मैदान से की गई, जो अहिंसा सर्किल, पैलेस रोड, सरजावाव दरवाजा, बस स्टैंड, जेल चौराहे से गुजरी।

समारोह में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि मैराथन सिर्फ एक खेल या सामान्य गतिविधि नहीं बल्कि समानता का संदेश दिया जा रहा है। हम नियमित कसरत व पौष्टिक आहार पर ध्यान देकर स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने 19 से 21 जनवरी तक प्रदर्शनी को लेकर भी जानकारी दी। बताया कि इसमें सरकारी योजनाओं पर स्टॉल लगाई जाएगी। फिटनेस आइकन गायत्री शर्मा ने दौड़ से पहले वॉर्मअप कराया। प्रतिभागियों ने तीन किमी वॉकाथन में भाग लिया। मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, जिला प्रवक्ता गोपाल माली, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान, इंदरसिंह मकवाना समेत कई लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्र में अपराधों का बढ़ता ग्राफ, पावटा बस स्टैंड पर युवक पर हमला

## पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने डीजीपी से सख्त कार्रवाई की मांग की

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** विराटनगर एवं कोटपूतली सीओ सर्किल क्षेत्रों में इन दिनों चोरी, मारपीट, गुंडागर्दी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। लगातार हो रही वारदातों ने आमजन को असुरक्षित व भयग्रस्त कर दिया है। इस बढ़ते अपराध तंत्र को लेकर पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक ,पुलिस मुख्यालय जयपुर को ज्ञापन प्रेषित कर चिंता व्यक्त की है व तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक सुभाष शर्मा ने ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ दिनों से अपराधी गैंग सक्रिय होकर क्षेत्र में वारदातों को अंजाम दे रही हैं। खुलेआम मारपीट, चोरियां व गुंडागर्दी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि चोरियों के मामलों में पुलिस प्रभावी खुलासा करने में विफल रही है जिससे अपराधियों में पुलिस का कोई भय नहीं रहा। शर्मा ने ज्ञापन में पावटा क्षेत्र की ताजा घटना का जिक्र करते हुए बताया कि शुक्रवार शाम करीब 07.30 बजे पावटा मुख्य बस स्टैंड पर पंजाब जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक युवक पर करीब आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। घटना के बाद बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित युवक की पहचान बड़ा गांव निवासी प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने डीजीपी से आग्रह किया है कि अपराधों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए जाएं ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण व अब तक हुई वारदातों के शीघ्र खुलासे हेतु पुलिस गश्त बढ़ाना, संदिग्ध तत्वों पर निगरानी रखना व क्षेत्र में ठोस रणनीति लागू करना जरूरी है। शर्मा ने कहा कि वर्तमान स्थिति जन-सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है, इसलिए शीघ्र उच्चस्तरीय हस्तक्षेप आवश्यक है।

# डीपीएस, उदयपुर में तीन दिवसीय एडवेंचर कैंप का सफलतापूर्वक समापन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीयएडवेंचर कैंप का समापन आज विद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस एडवेंचर कैंप में कक्षा प्री प्राइमरी से कक्षा आठ तक के लगभग 900 विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बनाया।

इनमें कक्षा दो से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों के लिए दिन व रात का कैंप आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने साथियों के साथ तथा अध्यापकों की देखरेख में विभिन्न प्रकार की एडवेंचर गतिविधियों में भाग लिया।

तीन दिन चले इस कैंप में बच्चों को बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट, ट्रेंपोलिन, पलांकवुक, गन शूटिंग, स्पाइर नेट, आर्चरी, आर्टिफिशल वॉल क्लांबिंग, फ्लाइंग फॉक्स जिपलाइन, जॉर्बिंग बॉल, किड्स वॉटर बोटिंग और हॉट एयर बलून आदि रोमांचक गतिविधियाँ करवाई गई। इन सबमें हॉट एयर बलून में उड़ान भरना सबके लिए मुख्य आकर्षण रहा। बच्चों द्वारा रात्रि के समय विभिन्न प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कैंप फायर का आनंद उठाया।

प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नतापूर्वक बताया कि तीन दिन का यह आयोजन बहुत ही सफल रहा। इसमें बच्चों ने अपेक्षाकृत अधिक उत्साह के साथ भागीदारी की और साथ ही अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग ने हमारा जोश दुगुना कर दिया। प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने बताया कि कैंप में बच्चों ने कक्षा के कमरे से बाहर खुले क्षेत्र में रोमांच से भरपूर गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए जीवन की व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त की।

## मेवाड़ी परंपरा को पुरस्कार रू चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह को विशेष सैन्य सम्मान से नवाजा



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में भारतीय सेना की ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को ये विशेष पुरस्कार भारतीय सेना को कोविड जैसी विषय परिस्थितियों में दो हाईटेक एंबुलेंस भेंट करने व सेना की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहते हुए पुनीत कार्य करने, समाज सेवा, शिक्षा, महिला शिक्षा, चिकित्सा, महिला स्वच्छता प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के क्षेत्र में 9 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित करने के लिए प्रदान किया है। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि मेवाड़ की शौर्य परंपरा आज भी भारतीय सेना में 9वीं बटालियन द ग्रेनेडियर्स (मेवाड़) के रूप में जीवंत है। मेवाड़ राजघराने और इस बटालियन के बीच ऐतिहासिक, भावनात्मक और परंपरागत मजबूत रिश्ता भी अनूठा है। महाराणा प्रताप की वीरता से प्रेरित यह बटालियन अपने अनुशासन, साहस और बलिदान के लिए जानी जाती है, जो मेवाड़ के लिए गौरव की बात है।

# रीट मेंस-2025 17 जनवरी से, जिले के 46 केंद्रों पर 57136 परीक्षार्थी पंजीकृत

## आगामी 4 दिनों में 7 पारियों में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राज्य सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बेहद सजग, गंभीर और समयबद्ध रुख अपनाया हुआ है। इसी क्रम में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से प्रदेश की बहुप्रचलित अध्यापक भर्ती परीक्षा का आयोजन 17 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक 4 दिन की सात पारियों में किया जाएगा। परीक्षा को लेकर गत दिवस अधिकारियों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा के लिए बोर्ड ने राज्य के 14 जिलों में केंद्र निर्धारित किए हैं। अलग-अलग विषयों के कुल 7759 पदों के लिए होने वाली इस भर्ती हेतु करीबन 9 लाख 54 हजार परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। इस परीक्षा में सामाजिक विज्ञान के लिए 296 पदों हेतु 2,33,604 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे एक पद के लिए 789 अभ्यर्थियों में मुकाबला रहेगा जबकि एल-1 के 5636 पदों के लिए 2,52,199 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। संस्कृत के 389 पदों के लिए केवल 28618 अभ्यर्थी ही पंजीकृत हुए हैं।

परीक्षा की नोडल अधिकारी व अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीमती रीना ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से सभी परीक्षा केंद्रों के लिए गोपनीय प्रश्न पत्र पुलिस सुरक्षा में रखवाए गए हैं। साथ ही बोर्ड की तरफ से परीक्षा हेतु कड़ी सुरक्षा त्री-स्तरीय व्यवस्था की है। इसमें परीक्षार्थियों की जांच के लिए फ्रिस्किंग, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक तथा एचएचएमडी जांच शामिल है।

इस परीक्षा के लिए 7 उड़न दस्तादलों 42 उपसमन्वयकों और 91 पर्यवेक्षकों के साथ 3500 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं जबकि इस पेपर के लिए 15 जनवरी से स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष परीक्षा समाप्ति तक कार्य करेगा।

कंट्रोल रूम का फोन नंबर 0154-2445067 तथा मोबाइल नंबर 8387827160 रहेगा। परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक श्री भूपेश शर्मा के अनुसार रीट मेंस के लिए 2.30 घंटे के पेपर में परीक्षा समय से 1 घंटे पूर्व तक ही प्रवेश मिलेगा।

## ऐश्वर्या ग्रुप ऑफ कॉलेज में दो दिवसीय चल वैजयन्ती कार्यक्रम का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। ऐश्वर्या ग्रुप ऑफ कॉलेज में दो दिवसीय चल वैजयन्ती कार्यक्रम का सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, तकनीकी जागरूकता, पर्यावरण चेतना तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय एआई ,एण्ड फ्यूचर ऑफ जॉब्स था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भविष्य के रोजगार से संबंधित विषयों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. सरिता जैन उपस्थित रहीं। प्रारम्भ में अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया तथा विद्यार्थियों को नवाचार, तकनीकी जागरूकता एवं रचनात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में उदयपुर के विभिन्न महाविद्यालयों,एमएलएसयू (शिक्षा विभाग), निंबार्क टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, राजस्थान महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, इंडो अमेरिकन टीटी कॉलेज एवं ऐश्वर्या ग्रुप ऑफ कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय क्लीन इंडिया-ग्रीन इंडिया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय एआई इज ए थ्रेट टॅ ह्यूमतन क्रिएटिवीटी रखा गया। समापन समारोह में अतिथि के रूप में डॉ. दीपेन्द्र सिंह चैहान एवं आकाशवाणी उदयपुर से कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी मनोज अम्बेश उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत शमील शेख द्वारा अतिथियों के परिचय के साथ की गई। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन नितिशा महावर और श्रीमती विभा पारीक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि डॉ. दीपेन्द्र सिंह चैहान ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन तथा लक्ष्य निर्धारण पर प्रकाश डाला, वहीं अतिथि मनोज अम्बेश ने युवाओं को तकनीक के सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथि डॉक्टर सरिता जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में लगातार सक्रिय रुप से भाग लेते रहना चाहिए।

## लाखों खर्च, फिर भी अंधेरा-प्रागपुरा में स्ट्रीट लाइटें उद्घाटन की राह देख रहीं

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा द्वारा शहर को रौशन करने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से विद्युत पोल लगाए गए, लेकिन योजना का लाभ अब तक आमजन को नहीं मिल पाया है। प्रागपुरा में होली चौक होते हुए गणेश विहार कॉलोनी के सामने से मुख्य राजमार्ग तक स्ट्रीट लाइट के लिए विद्युत पोल खड़े कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, करीब 1 माह पूर्व पोल खड़े कर उनमें वायरिंग भी कर दी गई, लेकिन इसके बाद से लाइटें चालू नहीं की गईं। नतीजतन, जिस योजना का उद्देश्य शहर को रात में जगमग करना था, वही योजना अब उद्घाटन की बाट जोह रही है, जबकि अंधेरे में राहगीरों और स्थानीय निवासियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में प्रागपुरा सदर आमिन मंसूरी ने बताया कि नगरवासियों को उम्मीद थी कि पोल लगते ही स्ट्रीट लाइटें चालू हो जाएंगी, लेकिन कई दिनों से कार्य अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से देरी हो रही है तो नगर पालिका को इसकी स्पष्ट जानकारी आमजन को देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने से दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बजट खर्च होने के बावजूद यदि समय पर लाइटें चालू नहीं होतीं तो योजना की सार्थकता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र उद्घाटन कर स्ट्रीट लाइटें चालू की जाएं, ताकि शहरवासी सुरक्षित और रौशन वातावरण का लाभ उठा सकें।

## शी सर्कल इंडिया द्वारा 'सत्य कलम पुरस्कार' समारोह कल

### 19 जनवरी को सितारा ग्रैंड में होगा भव्य आयोजन, निवृत्ति कुमारी मेवाड़ होंगी मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पत्रकारिता के क्षेत्र में सत्य, साहस और जिम्मेदारी की आवाज को सम्मानित करने के उद्देश्य से शी सर्कल इंडिया (एससीआई) द्वारा 'सत्य कलम पुरस्कार' का भव्य आयोजन 19 जनवरी को दोपहर 3 बजे से सितारा ग्रैंड, नाकोड़ा पुरम में किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह की मुख्य अतिथि मेवाड़ की सम्मानित हस्ती श्रीमती निवृत्ति कुमारी जी मेवाड़ होंगी, जिनकी उपस्थिति आयोजन को विशेष गौरव प्रदान करेगी। शी सर्कल इंडिया की संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि सत्य कलम पुरस्कार उन पत्रकारों को समर्पित है.

## धाकड़ परिवार की ओर से अब तक 25 हजार से अधिक वस्त्रों का हुआ निःशुल्क वितरण

**उदयपुर ( नि.स. )।** समाजसेवी धाकड़ परिवार की ओर से सूरजदेवी एवं भेरूलाल धाकड की स्मृति में हाड़ कंपाने वाली सर्दी में गरीब और बीमार लोगों को बिना ऊनी वस्त्रों के बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लगातार तीन दिन तक महाराणा भूपाल चिकित्सालय के बहिरंग विभाग के सामनें दिसंबर और जनवरी माह मे तीन-तीन दिन शिविर लगाकर कुल 25 हजार से अधिक वस्त्रों का वितरण किया गया।

ध्रुव प्रकाश धाकड़ एवं अंजुला धाकड़ ने बताया कि उदयपुर के आस-पास के गांवों के हजारों जरूरतमंद लोग इलाज के लिए आते हैं। उनकी इस तकलीफ को देखते हुए हमने इस वर्ष '25000 वस्त्रों को जरूरतमंद लोगों में निःशुल्क बांटने का लक्ष्य रखा था जिसे पूरा कर लिया गया है।

## एटीएम मशीन खोल नकदी चोरी करने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बनीपार्क थाना इलाके में एक सिक्योरिटी गार्ड को नकबजन पकडना भारी पड़ गया। बदमाशों को सिक्योरिटी गार्ड का टोकना इतना नागवार गुजरा की उन्होने सिक्योरिटी गार्ड की पीटा कर दी और उसके हाथों की अंगुलियों का चबा डाला। जिसके बाद बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन घटनास्थल पर मौजूद अन्य राहगीरों ने बदमाशों को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। एएसआई भंवरलाल ने बताया कि जमवारामगढ़ के इंदरगढ़ निवासी अशोक कुमार गुर्जर (36) ने मामला दर्ज कराया है की वह कोर सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड के पद पर तैनात है। कलेक्ट्री सर्किल पर मिनी सचिवालय में एसबीआई एटीएम पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करता है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उसकी ड्यूटी रहती है। शुक्रवार को एटीएम पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी पर तैनात था। सर्दी होने के कारण सुबह करीब पौने 11 बजे एटीएम के बाहर धूप में बैठ गया। तभी एटीएम बूथ में हेलमेट लगाकर एक युवक अंदर घुसा और पांच मिनट तक बाहर नहीं आया तो अशोक कुमार ने अंदर जाकर देखा तो युवक पेचकस से एटीएम बूथ में बैक रूम खोलने की कोशिश करता मिला। गार्ड अशोक कुमार ने बैक रूम को खोलने का कारण पूछा तो युवक ने एटीएम कार्ड अंदर गिरने का बहाना बनाया। ज्यादा पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने भागने का प्रयास किया।

## पाठशाला में हुआ लीगल एजुकेशन का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय की चिरंजी लाल अग्रवाल लाइब्रेरी के 13वें इंटर्नशिप के छात्रों द्वारा पाठशाला ट्रस्ट के कठपुतली नगर सेंटर में डॉ. ओपी टांक के नेतृत्व से कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें लाइब्रेरी इंटर्नशिप प्रोग्राम के छात्रों ने प्रोग्राम हेड ऋषि अग्रवाल, कॉर्डिनेटर एडवोकेट दीक्षा यादव एवं एडवोकेट रूपाली चौहान के नेतृत्व में पाठशाला के बच्चों को मौलिक अधिकार व कर्तव्यों से अवगत कराया। वहीं डॉ. ओपी टांक ने लाइब्रेरी इंटर्नशिप के स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया। साथ ही इन 15 इंटर्नस के साथ लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम करने के लिए सहमति दी। वहीं इंटर्नस ने ओम प्रकाश गुर्जर, डॉ. ओपी टांक सहित सभी सहयोगकर्ताओं का आभार जताया।

## एसआईआर में साजिश का आरोप झूठी आपत्तियों से वोटरों के नाम कटवाने का खेल, लोकतंत्र पर सीधा हमला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों से मिल रही जानकारी के अनुसार फॉर्म नंबर-7 के माध्यम से झूठी और भ्रामक सूचनाएँ देकर मतदाता सूची में आपत्तियाँ दर्ज कराई जा रही हैं। इतना ही नहीं, बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर दबाव बनाकर वैध और सही मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटवाने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाजिमुद्दीन ने इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि स्क्षक्र प्रक्रिया का दुरुपयोग कर विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। इससे आम नागरिकों में भय, असुरक्षा और भ्रम का माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त एक मौलिक अधिकार है। साजिश के तहत किसी का वोट छीनने की कोई भी कोशिश लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कृत्य है।प्रदेशाध्यक्ष ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जाँच कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन से तत्व संगठित रूप से झूठी आपत्तियाँ दर्ज करा रहे हैं।

## दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता साड़ी के फंदे से झूली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौलतपुरा थाना इलाके में एक विवाहिता ने दहेज के पांच लाख रुपयों की डिमांड से परेशान होकर साड़ी के फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पीडित्त पिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि आंधी निवासी रामगोपाल शर्मा ने का आरोप है कि अप्रैल -2025 में उन्होने अपनी बेटी मोनिका (23) की शादी चोप (दौलतपुरा) निवासी विष्णु से की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपए की डिमांड करते हुए मोनिका को परेशान करने लग गए। शादी के दस माह में कई बार पीडित्ता को परेशान किया गया। मंगलवार को भी ससुराल पक्ष के लोगों ने मोनिका को परेशान किया। जिसके बाद वो अपने कमरे में गई और साड़ी का फंदा बनाकर उससे लटक गई। काफी देर तक मोनिका अपने कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने जाकर देखा। काफी आवाज लगाने पर दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने धक्का देकर गेट खोला। मोनिका फंदे से झूलती मिली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और एफएसएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।

### -एतिहासिक रहा टांटिया समूह का गंगानगर किन्नू फेस्टिवल-2026

# किन्नू से गंगानगर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचानः डॉ. मोहित टांटिया

बढ़ता राजस्थान




**श्रीगंगानगर (नि.स.)।** अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रीगंगानगर को पहचान दिलाने वाले किन्नू को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से टांटिया समूह की ओर से टांटिया यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित गंगानगर किन्नू फेस्टिवल-2026 (जीकेएफ) अत्यंत सफल रहा। पहली ही बार आयोजित जीकेएफ ने ऐतिहासिक सफलता के साथ नए आयामों को छू लिया। किन्नू उत्पादकों, विद्यार्थियों, कृषि आदानों के व्यापारियों एवं आमजन के लिए यह आयोजन मील का पत्थर साबित हुआ। फेस्टिवल में लाइफटाइम अवार्ड और किन्नू रत्न सम्मान भी दिए गए।

जीकेएफ का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय बीज प्रमुख कृष्ण मुरारी, जिला संघ चालक अमरचंद बोरड़, यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता टांटिया, वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नेहा टांटिया, आर्किटेक्ट अमीषा टांटिया, शिक्षाविद् स्नेहा चाचाण,सीए निशित अग्रवाल, वरिष्ठ किन्नू वैज्ञानिक डॉ. एम.के. कौल एवं किन्नू व्यापारी मूलचंद गेरा ने गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। गुब्बारे उड़ाकर किन्नू विकास का संदेश दिया गया। पूरे पंडाल को किन्नू के केसरिया रंग में रंगा गया था।

सबसे पहले जीकेएफ के संरक्षक डॉ. मोहित टांटिया ने स्वागत करते हुए किन्नू की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किन्नू से गंगानगर की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनी है। यह इलाके के लिए आर्थिक एवं कृषि के क्षेत्र में रीढ़ की हड्डी साबित हुआ है। मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी ने कहा कि श्रीगंगानगर में किन्नू फेस्टिवल की शुरुआत किन्नू उत्पादकों की उन्नति के लिए नए रास्ते खोलेगी। उन्होंने भूमिपुत्रों की समस्याओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में कृषकों के सामने बीज की बड़ी भारी समस्या है। कई जगह तो नकली बीज बिक रहा है तो कहीं बहुत महंगा हो रहा है। विशिष्ट अतिथि अमरचंद बोरड़ ने महाराजा गंगासिंह की दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही आज यहां की रेतीली धरती सोना उगल रही है। उद्घाटन सत्र के अलावा डॉ. अलका के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। तकनीकी सत्र में डॉ. एम.के. कौल, डॉ. अमरसिंह पूनिया, कानाराम भुंवाल, मदन जोशी, डॉ. राजेंद्र नैण ने किन्नू उत्पादन व गुणवत्ता बढ़ाने और फसल सुधार के लिए विस्तार से जानकारी दी।

### डॉ. एम.के. कौल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.के. कौल को किन्नू के लिए किए गए प्रयासों के दृष्टिगत लाइफटाइम अवार्ड दिया गया। उन्हें अतिथियों एवं आयोजन समिति सदस्यों ने सम्मान प्रतीक भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर लायलपुर फार्म हाउस के मनमोहनसिंह नरूला, कृषि पंडित बलवंतसिंह के पौत्र एडवाकेट बिक्रमसिंह, आनंदसिंह कंग व मूलचंद गेरा को किन्नू रत्न सम्मान दिया गया। किन्नू क्वालिटी प्रतियोगिता में हनुमान प्रथम, अमित सहारण द्वितीय और शीशपाल तृतीय रहे। अतिथियों के साथ आयोजन सुनील सिहाग, कमलजीतसिंह सूदन व योगेंद्र शर्मा ने इन्हें सम्मानित किया।

# अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा की बैठक में गब्बू जी को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा, जयपुर द्वारा 11 जनवरी 2026 को आयोजित बैठक में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हनुमान प्रसाद ऊँची (गब्बू जी) को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान करने की घोषणा की गई। गब्बू जी निवासी रुई वालों का मोहल्ला, रामगंज बाजार, जयपुर थे। गब्बू जी ने अपने जीवनकाल में समाज के दुखी, असहाय एवं बेरोजगार लोगों को न केवल मार्गदर्शन दिया, बल्कि उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया। वे सहायता को हमेशा 'खाते का काम' मानकर करते थे। अनेक लोगों को उन्होंने अपने घर पर ठहराकर, उनकी योग्यता के अनुसार कार्य दिलवाया। इसी कड़ी में कई लोगों को जयपुर के पहाडग़ंज क्षेत्र स्थित एक्सपोर्ट प्रतिष्ठानों में रोजगार मिला, जहां वे पारिवारिक विश्वास और ईमानदारी की मिसाल बने।

महासभा की बैठक में गब्बू जी के परिवार का कोई सदस्य उपस्थित नहीं था। बाद में जानकारी मिली कि उनकी मध्य पुत्री श्रीमती सीता देवी (पत्नी श्री कैलाश चंद, विजय टेलीफोन वाले, निवाई) का दूसरा पुत्र उस समय उपस्थित था। इस पर महासभा द्वारा वनस्थली विद्यापीठ में कार्यरत शशि विजय को आमंत्रित कर गब्बू जी की ओर से 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि गब्बू जी का निस्वार्थ समाजसेवा का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सम्मान उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के अध्यक्ष, श्याम विजय एवम् अन्य पदाधिकारी ज्ञान स्वरूप भटनागर, नवल पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रामावतार माहेश्वरी, गजेन्द्र टांक, राधे श्याम सोनी, जे एन मीणा, दिनेश विजय आदि उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय तुषार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के तत्वावधान में दिनांक 17 जनवरी 2026 को परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति (रजि) एवम् विजय इलेक्ट्रिक सर्विस, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय तुषार गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गुर्जर की थड़ी के पास, मोती नगर स्थित परमार्थ भवन पर किया गया। दिनेश विजय, निदेशक, विजय इलेक्ट्रिक सर्विस ने बताया कि 52 व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से जनकल्याण की भावना से ओतप्रोत होकर रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन महावीर कैंसर अस्पताल ब्लड बैंक के उच्च स्तरीय चिकित्सकों की निगरानी में सम्पन्न हुआ।

## पश्चिम बंगाल का शातिर नकबजन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जामडोली थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल के शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के गहने,तांबा व कासी के बर्तन , बेशकीमती घडिया समेत चोरी की वारदात के काम में ली गई बाइक बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में सामने आया है कि वो करीब आधा दर्जन की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि परिवाद कृष्ण कुमार कानजी नगर आगरा रोड ,जामडोली निवासी ने मामला दर्ज कराया था कि अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने गांव गया हुआ था। दूसरे दिन वापस आया तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अज्ञात नकबजन अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने,तांबे -कासी के बर्तन चोरी कर ले गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की विशेष टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी सहायता के आधार पर शातिर नकबजन मोहम्मद रुबेल अली उर्फ गोल्डन (29) निवासी पश्चिम बंगाल हाल आमेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सोने-चांदी के गहने,कासी -तांबे के बर्तन व चोरी के काम में ली गई मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त अभी तक आधा दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस आरोपी से अन्य कई चोरी की वारदातें खुलने की संभावना जता रही है।

## श्रीमती भंवरी देवी की आठवीं पुण्यतिथि पर थली में सेवा व श्रद्धा का आयोजन, गरीब महिलाओं को कंबल वितरण

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** भामाशाह मदन लाल विजयवर्गीय थली वालों ने अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती भंवरी देवी की आठवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में अपने पैतृक ग्राम थली में सेवा व श्रद्धा भाव से कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर ग्राम के बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात ग्रामवासियों व स्कूली बच्चों के लिए विशाल भोज का आयोजन हुआ। शीत ऋतु को देखते हुए कार्यक्रम के दौरान ग्राम की गरीब विधवा महिलाओं सहित जरूरतमंद महिलाओं व पुरुषों को गरम कंबलों का वितरण किया गया। इस सामाजिक पहल का लाभ बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को मिला। भोज में लगभग 1000 से अधिक स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों ने सहभागिता की।

उल्लेखनीय है कि श्री मदन लाल जी विजयवर्गीय पिछले आठ वर्षों से प्रतिवर्ष अपनी धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर इसी प्रकार का सेवा कार्य अपने पैतृक ग्राम में करते आ रहे हैं। इस अवसर पर थली परिवार के साथ-साथ जयपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से भी अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश देखने को मिला।

## 'संजीवनी शतक' धार्मिक पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के प्रसिद्ध धाम सालासर बालाजी, महर्षि दधीचि, मोहनदास जी एवं दधिमथी देवी के वर्णन सहित सालासर बालाजी चरित पर आधारित धार्मिक पुस्तक का विमोचन तुलसी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु श्रद्धेय रामभद्राचार्य जी महाराज एवं तुलसीपीठ चित्रकूट के उतराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा एवं हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य जी महाराज के सानिध्य में किया गया।

इस धार्मिक पुस्तक के लेखक आशु कवि पं. रामस्वरूप दौतोलिया जी है, जिन्होंने अब तक अनेकानेक पुस्तकों का लेखन कर प्रदेश स्तर पर एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

विमोचन के दौरान संजीवनी शतक धार्मिक पुस्तक की सम्पादक सुश्री मिताकक्षरी दौतोलिया,सौमप्रभा दोतोलिया ,नंदनी दौतोलिया, सुरजभान दौतोलिया, राहुल दौतोलिया, श्री कल्याण मन्दिर हातोज धाम के पुजारी पंडित नीरज वशिष्ठ, राहुल चौधरी रामबाबू कुमावत आदि उपस्थित थे।

## दांता में विराट हिंदू सम्मेलन 28 जनवरी को, सम्मेलन के आयोजन को लेकर हुई बैठक,सौंपी जिम्मेदारियां

बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़ (नि.स.)।** विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर दांता के खेतान भवन परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति दांता के द्वारा सम्मेलन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क, भूमि पूजन, कलश यात्रा,वाहन रैली, व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और जिम्मेदारी सौंपी, आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जनवरी को भूमि पूजन, 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से समरसता महायज्ञ,कलशयात्रा व वाहन रैली के साथ विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बुद्धगिरी जी की मढ़ी फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी जी महाराज का सानिध्य और आशीर्वचन प्राप्त होगा, जो सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रहेगा। सम्मेलन के अंतर्गत 28 जनवरी को सुबह 10:15 बजे कलश यात्रा जो शिव मंदिर जलिंद्रा की ढाणी, शिव मंदिर हुकमा जी ढाणी, शिव मंदिर रावोरियां की ढाणी, शिव मंदिर खटीकों का मोहल्ला, बाग वाली बगीची, झाड़ी वाले बालाजी एवं नलापति बालाजी से निकाली जाएगी। वहीं वाहन रैली बडक़ा चारणवास, अमरपुरा, मोटलावास, दलतपुरा, काबरियावास, किरो की ढाणी एवं नीमावास गांवों से प्रारंभ होगी। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं समाजबंधुओं ने सम्मेलन को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## सम्पादकीय

# बिना शिक्षकों के शिक्षा, सुप्रीम कोर्ट को देना पड़ा भर्ती का आदेश

यह एक विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट को उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों को चार माह के अंदर भर्ती करने के आदेश देने पड़े। इसके प्रति तो सरकारों को सजग रहना चाहिए था। चूंकि वे इसे लेकर तत्पर नहीं कि शिक्षकों के रिक्त पद प्राथमिकता के आधार पर भरे जाएं, इसलिए सरकारी और साथ ही निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

यह ठीक नहीं कि जो काम सरकार को करना चाहिए, वह सुप्रीम कोर्ट को करना पड़ा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार शिक्षकों के पद वर्षों तक खाली पड़े रहते हैं। स्थिति कितनी खराब है, इसका पता इससे चलता है कि शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या से केंद्रीय विश्वविद्यालय भी जूझ रहे हैं। इसका मतलब है कि शिक्षा मंत्रालय भी इसके प्रति सजग नहीं कि शिक्षकों के पद लंबे समय तक रिक्त न रहें। सजगता के इस अभाव के चलते कई विश्वविद्यालयों में तो कुलपति के पद भी रिक्त बने रहते हैं। समझना कठिन है कि ऐसा क्यों है? निःसंदेह यह नहीं कहा जा सकता कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए योग्य अभ्यर्थियों का अभाव है।

शिक्षकों के पद रिक्त रहने से शिक्षा संस्थानों में कई तरह की समस्याएं घर कर जाती हैं। इसके चलते पठन-पाठन तो प्रभावित होता ही है, छात्रों की परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली पड़े हुए हैं।

इसे इससे समझा जा सकता है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के चार हजार पद रिक्त हैं। हरियाणा में किसी विश्वविद्यालय में छह साल से तो किसी में आठ साल से प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं हुई है। नतीजा यह है कि करीब 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के 19 सरकारी विश्वविद्यालयों में से 15 में शिक्षकों के 70 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। यही स्थिति अन्य राज्यों में भी है।

इसका अर्थ है कि उच्च शिक्षा भगवान भरोसे चल रही है। यह दयनीय दशा तब है, जब नई शिक्षा नीति लागू हुए पांच वर्ष बीत गए हैं और उसमें छात्र-शिक्षक अनुपात पर विशेष बल दिया गया है। समस्या केवल यह नहीं कि शिक्षकों के ही पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। शिक्षकों के साथ-साथ गैर शिक्षकों के भी पद रिक्त हैं। यह और कुछ नहीं उच्च शिक्षा के ढांचे को कमजोर करने वाली स्थिति ही है। यह समझने में देर नहीं करनी चाहिए कि उच्च शिक्षा के स्तर में बहुत सुधार की आवश्यकता है और इसकी पूर्ति शिक्षकों के पद रिक्त रहते हुए संभव नहीं।



## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 18 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2020 - झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के नए अध्यक्ष चुने गये। उन्होंने विपक्षी बीवीपी राव को 34-18 वोटों के अंतर से हराया।
- 2009 -'द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग' ने अपनी सिफ़ारिशें सरकार को पेश कीं।
- सौरभ गांगुली को 'बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन' ने सोने के बैट से सम्मानित किया।
- 2008 - जॉर्ज क्लूने को संयुक्त राष्ट्र के शांतिदूत बनाये गये।
- मुख्यमंत्री मायावती की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए दिशा-निर्देशों की मंजूरी प्रदान की गयी।
- पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र के उग्रवादी नेताओं ने अपने समर्थकों से राजधानी इस्लामाबाद पर कब्ज़ा करने का आहवान किया। दक्षिणी कोलम्बिया स्थित एक ज्वालामुखी फटा।
- 2007 - विश्व की सबसे वृद्ध महिला जूली विनफ़्रेड बर्टरंड का कनाडा में निधन।
- 2006 - संयुक्त राज्य अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।
- 2005 -सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों को पेट्रोल पम्प आवंटित नहीं करने की सिफ़ारिश की।
- तीन कैरेबियाई देशों त्रिनिदाद-टोबेगो, ग्रेनेडा, सेंट विसेंट व ग्रेंडाइस के प्रधानमंत्रियों ने साथ मिलकर राजनीतिक एकीकरण का प्रस्ताव रखा।
- 2004 - भारत ने क्रिकेट की एकदिवसीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 19 रनों से हराया।
- 2003 - लीबिया संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त।
- 2002 - संयुक्त राज्य अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी, कॉलिन पावेल ने कहा कि पाक आतंकवादियों की सूची पर कार्रवाई करे तभी भारत वार्ता करेगा।
- पश्चिम अफ़्रीकी देश सियरा लियोन में गृह युद्ध समाप्त।
- 2001 - लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता सम्भाली।
- 1997 - 'नफीसा जोसेफ़' 'मिस इंडिया' बनीं।
- 1989 - चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आज़ादी सच्चाई और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
- 1987 - लंदन में प्रचार माध्यमों के 40 देशों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक में सेंसरशिप के ख़िलाफ़ एकजुट होकर संघर्ष की घोषणा की गई।
- 1986 - दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिक भागने लगे।
- 1976 - फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।

## विशेष आलेख

राष्ट्रमंडल संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन 2026

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकतांत्रिक दृष्टि, ओम बिरला का वैश्विक नेतृत्व



डॉ नयन प्रकाश गांधी



हाल ही में भारत में आयोजित 28वें कॉमनवेल्थ राष्ट्रमंडल संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन ने न केवल देश की संसदीय गरिमा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ किया, बल्कि इस ऐतिहासिक आयोजन के केंद्र में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का नेतृत्व एक प्रेरक उदाहरण के रूप में उभरा। यह सम्मेलन भारत के लिए कूटनीतिक और लोकतांत्रिक दृष्टि से जितना महत्वपूर्ण रहा, उतना ही गौरवपूर्ण यह भी रहा कि इसकी मेजबानी और सफल संचालन की कमान एक ऐसे जनप्रतिनिधि के हाथों में रही, जिन्होंने संसदीय मर्यादा, संवाद और समन्वय को नई परिभाषा दी।सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भूमिका की सराहना विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत की संसद आज वैश्विक लोकतांत्रिक संवाद का केंद्र बन रही है और इसमें लोकसभा अध्यक्ष की दूरदर्शिता, संतुलित नेतृत्व और संस्थागत प्रतिबद्धता की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री का यह विश्वास कि 'मजबूत संसदें ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला होती हैं' जो कि वस्तुतः ओम बिरला के संसदीय दृष्टिकोण का ही प्रतिबिंब है। राष्ट्रमंडल संसदीय अध्यक्ष एवं पीठासीन अधिकारी सम्मेलन जैसे उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय मंच पर ओम बिरला ने केवल एक मेजबान की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और समावेशी सोच को प्रभावी ढंग से विश्व समुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया। विविध राजनीतिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमियों से आए राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के बीच संतुलित संवाद स्थापित करना एक जटिल कार्य था, जिसे उन्होंने सहजता और गरिमा के साथ संपन्न किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन भाषण में यह रेखांकित करना कि भारत लोकतंत्र का केवल सबसे बड़ा प्रयोग नहीं, बल्कि उसका जीवंत प्रयोगशाला भी है,इस बात का प्रमाण है कि भारत की संसदीय संस्थाएं आज वैश्विक दिशा तय करने की क्षमता रखती हैं। इस दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भूमिका केंद्रीय रही। उनके नेतृत्व में यह सम्मेलन केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस,डिजिटल गवर्नेंस और विधायी सुरक्षा जैसे समकालीन विषयों पर ठोस और व्यावहारिक निष्कर्षों की ओर अग्रसर हुआ।ओम बिरला ने अपने संबोधनों में बार-बार इस तथ्य पर बल दिया कि संसदें केवल कानून निर्माण की संस्था नहीं हैं, बल्कि वे जनता की आकांक्षाओं, विश्वास और लोकतांत्रिक चेतना की संरक्षक होती हैं। तकनीक के युग में उन्होंने यह स्पष्ट दृष्टि रखी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल साधन लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना सकते हैं, बशर्ते उनका उपयोग संवैधानिक मूल्यों और मानवीय विवेक के साथ किया जाए। यह संतुलित सोच ही उन्हें एक परिपक्व और वैश्विक दृष्टि वाला पीठासीन अधिकारी बनाती है।सम्मेलन के दौरान डिजिटल गवर्नेंस पर हुई चर्चाओं में भारत के डिजिटल लोकतांत्रिक मॉडल की सराहना हुई, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका मार्गदर्शक के रूप में रही। ई-पार्लियामेंट, डिजिटल दस्तावेजीकरण और नागरिक सहभागिता को बढ़ाने वाले नवाचारों को उन्होंने भारत के अनुभवों से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया। यह प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के दृष्टिकोण का ही विस्तार था, जिसे संसदीय स्तर पर ओम बिरला ने सशक्त आधार प्रदान किया।विधायी सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर भी लोकसभा अध्यक्ष का दृष्टिकोण स्पष्ट और दूरगामी रहा। उन्होंने आगाह किया कि आज लोकतंत्र के सामने खतरे केवल भौतिक नहीं, बल्कि साइबर, डिजिटल और सूचनात्मक भी हैं। संसदों की सुरक्षा का अर्थ केवल भवनों की सुरक्षा नहीं, बल्कि संस्थागत विश्वसनीयता और जनविश्वास की रक्षा भी है। इस विषय पर उनका संतुलित और व्यावहारिक मार्गदर्शन राष्ट्रमंडल संसदीय परिवार के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।राजस्थान के कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र से आने वाले ओम बिरला के लिए यह सम्मेलन व्यक्तिगत उपलब्धि से कहीं अधिक था। यह कोटा और पूरे राजस्थान के लिए गर्व का क्षण रहा कि यहां का जनप्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंच पर भारत का नेतृत्व कर रहा है। कोटा, जिसे देश शिक्षा के केंद्र के रूप में जानता है, आज लोकतांत्रिक नेतृत्व के संदर्भ में भी वैश्विक मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से उभरा है ,भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बार-बार लोकसभा अध्यक्ष के साथ समन्वय और संस्थागत सम्मान को रेखांकित करना यह दर्शाता है कि कार्यपालिका और विधायिका के बीच स्वस्थ संतुलन ही भारत की लोकतांत्रिक शक्ति है। प्रधानमंत्री का ओम बिरला के प्रति विश्वास और सार्वजनिक प्रशंसा इस बात का प्रमाण है कि उनका नेतृत्व केवल औपचारिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है।सम्मेलन के समापन पर आगामी सीएसपीओसी की अध्यक्षता यूके हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर लिंडसे हॉयले को सौंपना भी ओम बिरला की कूटनीतिक परिपक्वता का परिचायक रहा।

# क्या महाराष्ट्र निकाय चुनावों से उद्धव, पवार फैमिली व कांग्रेस कोई सीख लेंगे



अशोक भाटिया

*बालासाहेब ठाकरे की विरासत को लेकर दोनों भाई अलग राह पर रहे, लेकिन पार्टी टूटने, शिवसेना नाम और चिन्ह जाने के बाद उद्धव के लिए भावनात्मक सहारा और राजनीतिक मजबूती दोनों का साथ आए। ठाकरे ब्रदर्स का राजनीतिक मिलन राज्य की सबसे बड़ी हेडलाइन बनी।*

महाराष्ट्र में 29 नगर निगम पर चुनाव के नतीजे आ गए। भाजपा -शिवसेना (शिंदे गुट) को प्रचंड जीत मिली है। गठबंधन ने 29 में से 25 नगर निगम पर जीत हासिल की है। भाजपा गठबंधन की प्रचंड लहर के सामने न तो ठाकरे ब्रदर्स (उद्धव-राज) की जोड़ी का जादू चला, न ही पवार परिवार का पावर दिखा। उद्धव का साथ छूटने के बाद कांग्रेस ने चुनाव तो लड़ा, लेकिन गलतियों से सीख लेती नजर नहीं आई।

बहरहाल निकाय चुनाव के नतीजों ने महाराष्ट्र की राजनीति की दशा और दिशा पूरी तरह बदल दी है। बीएमसी मेंभाजपा और शिंदे की महायुति ने बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले तीन दशकों से बीएमसी की सत्ता पर काबिज ठाकरे परिवार का वर्चस्व अब खत्म हो गया है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की जोड़ी भीभाजपा लहर को रोकने में नाकाम रही।

इन चुनावों मेंभाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। सीएम देवेंद्र फणवीस की रणनीति ने विपक्षी गठबंधन के हर दांव को पूरी तरह फेल कर दिया है। पवार परिवार भी पस्त नजर आया। यह जीत न केवल मुंबई बल्कि पूरे महाराष्ट्र मेंभाजपा के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है। मुंबई ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र की 29 नगर निगम में से 23 मेंभाजपा गठबंधन अपना कब्जा जमाने में कामयाब रही।

पिछले 30 सालों से बीएमसी पर शिवसेना का एकछत्र राज था, लेकिन इस बार मुंबईकरों ने बदलाव के पक्ष में वोट दिया है। हालांकि, 20 साल के बाद उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे आपसी गिला-शिकवा भुलाकर एक साथ नगर निगम चुनाव लडने का फैसला किया ताकि सियासी वर्चस्व को बचाए रखा जा सके। इसके बावजूद वे अपना गढ़ नहीं बचा पाए। उनका 'मराठी अस्मिता' का मुद्दा काम नहीं कर पाया।ठाकरे ब्रदर्स ने आक्रमक तरीके से मराठी मानुष का मुद्दा उठाया, मराठी भाषा और मराठी पहचान की राजनीति को भुनाने की कोशिश की। इस तरह दोनों भाइयों ने कॉमन ग्राउंड पर काफी मशकक्त किया, लेकिनभाजपा और शिंदे की जोड़ी के सामने टिक नहीं सके। मुंबई की जनता ने अब नए नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया है। इस तरह ठाकरे ब्रदर्स महाराष्ट्र निकाय चुनाव में पूरी तरह फेल रहे - ना ही मुंबई, ना ही ठाणे, ना ही पुणे-नासिक में कोई करिश्मा दिखा सके।

गौरतलब है कि बालासाहेब ठाकरे की विरासत को लेकर दोनों भाई अलग राह पर रहे, लेकिन पार्टी टूटने, शिवसेना नाम और चिन्ह जाने के बाद उद्धव के लिए भावनात्मक सहारा और राजनीतिक मजबूती दोनों का साथ आए। ठाकरे ब्रदर्स का राजनीतिक मिलन राज्य की सबसे बड़ी हेडलाइन बनी। उनके समर्थकों को यह उम्मीद थी कि ठाकरे ब्रांड की मुंबई की राजनीति में वापसी होगी।

ऐसा लग रहा था कि ठाकरे ब्रदर्स की जोड़ी बीजेपी- एकनाथ शिंदे (शिवसेना) गुट को बीएमसी चुनाव में कड़ी चुनौती देगा। लेकिन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। राज

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

# अस्तित्वहीन नहीं




उस रात कड़ाके की सर्दी थी। सडक़ के दोनों ओर की बत्तियों के आसपास कोहरा पसर गया था। रोज-क्लब के निकास-द्वार को पाँव से धकेलते हुए वह लडख़ड़ाता हुआ बाहर निकला। झट दोनों हाथ गर्म पतलून की जेबों के अस्तर छूने लगे। बरामदे में रिक्शा खड़ी थी। उसकी डबल सीट पर पतली-सी चादर मुँह तक ढाँपे, चालक गठरी-सा बना लेटा था। घुटने पेट में घुसे थे। रिक्शा देखकर उसका चेहरा चमक उठा।

'खारी बावली चलेगा...' वह रिक्शावाले के समीप पहुँचा।

उधर से चुप्पी रही। 'चल, दो रुपए दे देंगे।' युवक ने उसके अन्तस् को कुरेदा। 'दो रुपैया से जियादा आराम की जरूरत है हमका।'

'साले! पेट भर गया लगता है...।' नशे में बुदबुदाता हुआ जैसे ही वह युवक आगे बढ़ा......तड़ाक... रिक्शावाले का भारी हाथ उसके गाल पर पड़ा।

क्षणभर को युवक का नशा हिरन ही गया। वह अवाक्-सा खड़ा उसके मुँह की ओर देख रहा था। रिक्शावाला छाती फुलाए उसके सामने खड़ा था।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं है आंवला, इन बीमारियों में भूलकर भी न करें सेवन

भारतीय आयुर्वेद में आंवला को अमृत फल और धात्री (मां के समान पोषण देने वाला) माना गया है। विटामिन-सी, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के कारण इसे बालों, आंखों और इम्यूनिटी के लिए रामबाण औषधि कहा जाता है। लेकिन, सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि हर किसी की तासीर एक जैसी नहीं होती। जी हां, यही आंवला कुछ लोगों के लिए फायदे की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है? आयुर्वेद के अनुसार, कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों में आंवले का सेवन फायदे की जगह शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

1. लो ब्लड शुगर -मधुमेह के मरीजों के लिए आंवला फायदेमंद होता है, लेकिन उन लोगों के लिए नहीं जिनका शुगर लेवल अक्सर सामान्य से कम रहता है। आंवला प्राकृतिक रूप से ब्लड शुगर को कम करता है। अगर आप पहले से ही एंटी-डायबिटिक दवाएं ले रहे हैं या आपको लो ब्लड शुगर की समस्या है, तो आंवला खाने से अचानक चक्कर आना या बेहोशी जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

2. एसिडिटी और सीने में जलन -आंवला प्रकृति में अम्लीय होता है। जिन लोगों को अक्सर सीने में जलन, खट्टी डकारें या गंभीर एसिडिटी की समस्या रहती है, उन्हें खाली पेट आंवला बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से पेट की परत में जलन और गैस्ट्रिक अल्सर का खतरा बढ़ सकता है।

3. सर्जरी से पहले या बाद में- अगर आपकी कोई छोटी या बड़ी सर्जरी होने वाली है, तो कम से कम 2 हफ्ते पहले आंवला खाना छोड़ दें। आंवला खून को पतला करने का काम करता है। सर्जरी के दौरान या बाद में इसका सेवन करने से ब्लीडिंग (रक्तस्राव) का खतरा काफी बढ़ सकता है, जिससे रिकवरी में दिक्कत आती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनकी साथी के साथ बॉन्डिंग अच्छी रहेगी और आपके धन-धान्य में भी वृद्धि होगी। आपको अपनी राजनीति से संबंधित कामों को पूरे ध्यान से करने की आवश्यकता है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। जल्दबाजी के कारण आपको कोई चोट-चपेट आदि लग सकती हैं, इसलिए आप किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें। संतान के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बच्चों की सेहत पर आप पूरा ध्यान दें। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम उठाया, तो बाद में उसमें आपको समस्या हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को बिल्कुल ना रखें और आप अपने घर में साफ-सफाई और रख-रखाव पर पूरा ध्यान देंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा और आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कोई पारिवारिक कलह आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी और संतान की नौकरी को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं।

**धनु**
आज आपके मन में किसी काम को लेकर बेचैनी बनी रहेगी। आपका स्वास्थ्य भी प्रभावित रहेगा। आप अपनी किसी बिजनेस डील को लेकर परेशान रहेंगे और आपको अपनी माताजी से किए हुए वादे को भी पूरा करने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आपके बेफिजूल के खर्चे करने की आदत के कारण आप अपने संचय धन में भी कमियां कर सकते हैं। भाई बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद खड़ा हो सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी पर की यात्रा पर जाने की योजना बनाएंगे और आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में ध्यान देने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को भी कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में पहले इन्वेस्टमेंट किया था।

## माननीय मंत्री जोराराम कुमावत आज गंगापुर सिटी आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत 18 जनवरी को सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। मंत्री जोराराम कुमावत प्रातः 9:30 बजे जयपुर प्रस्थान कर प्रातः 11:30 बजे गंगापुर सिटी पहुंचेंगे। इस दौरान मंत्री जोराराम कुमावत गंगापुर सिटी में श्रीयादे माता जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे।

## जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान की जनसुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक** । उपखंड क्षेत्र गांव केरली गोलेडा, गणेशगंज में आमजन से सीधे रूबरू हुए मंत्री, ग्रामीणों ने सडक़, पानी, बिजली पोल, कचरा संग्रहण के लिए कचरा वेन तथा गणेशगंज में मुकेश गुर्जर के मकान से राजाराम गुर्जर के मकान तक सीसी रोड सडक़ बनवाने तथा सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मंत्री चौधरी को अवगत कराया। मंत्री चौधरी ने संबंधित विभाग अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करते हुए नागरिकों को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। मूलभूत समस्याओं के निराकरण में समयबद्ध कार्यक्रम के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाए जाएं , जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें।आगामी बजट को लेकर क्षेत्रीय विकास पर ग्रामीणों से परिचर्चा की। इस दौरान जनसुनवाई में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर नगर पालिकाध्यक्ष भरत लाल सैनी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुनील भारत शर्मा, मोर मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार मीणा, जेवीवीएनएल सहायक अभियंता दीपक मीणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कनिष्ठ अभियंता मनीराम जाट, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा टोंक उज्जवल गौतम (तोषी)पार्षद विनोद महावर, पार्षद प्रहलाद चावला, सुरेश जग्रवाल ,दीपक बलरेवा, कमलेश गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 20 जनवरी को कृषि उपज मण्डी समिति में शिलान्यास एवं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पदभार ग्रहण समारोह, मण्डी कार्य रहेगा अवकाश

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक** ।कस्बे में कृषि उपज मण्डी समिति में 20 जनवरी को पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा रोड़, डोम तथा मुख्य द्वार का शिलान्यास करेंगे तथा कृषि उपज मंडी बोर्ड का गठन कर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद भार ग्रहण करेंगे। कृषि उपज मण्डी व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार गर्ग (मोदी) ने बताया कि 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा मण्डी समिति का गठन करने के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद भार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मण्डी परिसर में रोड़, डोम तथा मुख्य द्वार का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान 20 जनवरी को मण्डी कार्य का अवकाश (छुट्टी)रहेगा।

## बाइक व ट्रक में भिड़ंत,एक की मौत, दो गंभीर घायल, जयपुर रैफर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फिल्टर प्लांट के सामने वाले कट पर शनिवार की शाम को एक ट्रक की टक्कर से बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई व दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5:30 बजे निवाई निवासी तीन युवक बाइक पर सवार होकर माधोलाव तालाब से मछली पकडकर लौट रहे थे। इस दौरान फिल्टर प्लांट के सामने वाले कट पर एक ट्रक ने उनकी बाईक टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक लहूलुहान होकर सडक़ पर गिर पड़े। घटना की सूचना पर हाईवे पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को तुरंत निवाई के उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने राधा दामोदर कुंड निवासी सिराज उर्फ कालू नीलगर को मृत घोषित कर दिया। घटना में मालियों का मोहल्ला निवासी लोकेश खंगार व मानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार करके दोनों को जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक सिराज की मौत की खबर से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और ट्रक

### सवाई माधोपुर का 263 वां स्थापना दिवस समारोह का श्रीगणेश

# पारंपरिक खेलों एवं लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति में विदेशी पर्यटक झूमे







बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारम्भ शनिवार को हुआ। पहले दिन जिले की लोक संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से खिलचीपुर में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों और विद्यालयों के बच्चों के साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों ने भी इस आयोजन में भागीदारी की।

प्रतिभागियों ने रस्साकशी, नींबू-चम्मच और मटका दौड़, म्यूजिकल चेयर एवं साफा बांधने की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। लोक कलाकारों ने पारंपरिक कच्छी घोड़ी नृत्य और बहरूपिया कला का प्रदर्शन भी किया। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों ने सभी गतिविधियों में उत्साह से हिस्सा लिया और लोक कलाकारों के साथ स्थानीय सांस्कृतिक संगीत पर जमकर थिरके।

जिला कलक्टर काना राम, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों और इस आयोजन में विशेष रूप से शामिल हुए विदेशी पर्यटकों को सवाई माधोपुर की पहचान के रूप में कैप भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने विदेशी पर्यटकों के साथ फोटो भी खिंचवाए।

खेल प्रतियोगिताओं के विजेता :- महिलाओं की नींबू चम्मच दौड़ में यशस्वी को प्रथम, साक्षी यादव को द्वितीय और कनिष्का राजावत को तृतीय स्थान हासिल हुआ। महिलाओं की म्यूजिल चेयर रेस में भी विजेताओं का क्रम यहीं रहा। महिला वर्ग की मटका दौड़ प्रतियोगिताओं में चेतना ने प्रथम, निशा बैरवा ने द्वितीय और अनिता शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूषों की साफा बांध प्रतियोगिता में रघुवीर सिंह नरूका को प्रथम, आदित्य सिंह को द्वितीय एवं तरूण सिंह को तृतीय स्थान मिला। रस्साकशी प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में राव हम्मीर क्लब और महिला वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई क्लब विजेता रहे। इससे पूर्व शनिवार सुबह विश्व प्रसिद्ध रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश के मन्दिर में महाआरती के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ। जिला कलक्टर काना राम के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की।

### अलीशा विक्टर ने लगाया शतक

# खिलाड़ियों में भारी जोश व उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ में संचालित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता खिलाडियों में भारी जोश व उत्साहबना हुआ है। विद्यापीठ के कोच उर्वेश शर्मा व प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में पाँचवें दिन शाकुंतलम मैदान में पहला मैच गोवा यूनिवर्सिटी गोवा व राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के मध्य खेला गया। गोवा यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। राजस्थान विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 147 रन बनाए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा विश्वविद्यालय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 122 रन ही बना सकी। राजस्थान विश्वविद्यालय ने यह मैच 25 रन से जीता। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दूसरा मैच यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई व यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा के मध्य खेला गया। कोटा विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 68 रन बनाए। मुंबई यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई ने यह टारगेट 9.2 ओवर में 2 विकेट पर 70 रन बनाकर पूरा कर लिया। यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई 8 विकेट से विजयी रही। इसी प्रकार विदुला मैदान के चार नंबर ग्राउंड में राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश व द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी वडोदरा के मध्य मैच खेला गया। राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 99 रन बनाए। द महाराज सयाजी राव वडोदरा यूनिवर्सिटी ने 100 रन का टारगेट 17 ओवर में ही पूरा कर विजेता रही। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी बाई मैदान में पहला मैच लक्ष्मी बाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर यूनिवर्सिटी व देवी अहिल्या इंदौर के बीच खेला गया। ग्वालियर ने 3 विकेट खोकर 152 रनों का लक्ष्य इंदौर को दिया। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर 58 रन बनाकर 17.4 ओवर में ही ऑल आउट हो गई। डीएवीवी इंदौर 93 रन से विजेता रही। दूसरा मैच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व सरदार पटेल यूनिवर्सिटी गुजरात के मध्य हुआ। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 241 रन बनाए। बदले में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी गुजरात 9 विकेट पर 70 रन ही बना सकी। रानी दुर्गावती 170 रन से विजयी रही। अलीशा विक्टर ने 105 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक पूरा किया। शिवानी धुर्वे ने चार विकेट झटक कर शानदार गेंदबाजी की।

### देवली शहर के पटवा बाजार में हथियार बनाने वाले कारखाने पर पुलिस ने मारा छापा

# भारी मात्रा में बारूद और हथियार पुलिस ने बरामद किए, आर्म्स एक्ट में हुआ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जिले की डीएसटी और देवली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवली स्थित पटवा बाजार में अवैध हथियारों के पुर्जे और विस्फोटक सामग्री रखने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मामला यह सामने आया कि देवली शहर के पटवा बाजार निवासी राजू लुहार पुत्र नारायण लुहार के चाकू छुरियों को धार करने वाले कारखाने पर डीएसटी और देवली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापा मारा है।, इस दौरान टोंक डीएसटी और देवली पुलिस ने यहां पाया कि आरोपी राजू लुहार के कारखाने पर अवैध तरीके से आग्नेयास्त्रों की मरम्मत और विस्फोटक पदार्थों और सामग्री की बिक्री खुलेआम की जा रही थी। संयुक्त कार्रवाई मे तलाशी के दौरान पुलिस ने दुकान से 21 किलो 670 ग्राम विस्फोटक बारूद, 6 लोहे की तलवारें और 3 लाख 3 हजार 470 रुपये की नकदी बरामद की है। इसके अलावा भारी मात्रा में आग्नेयास्त्रों के पुर्जे भी पुलिस को कार्रवाई के दौरान मिले हैं। पुलिस ने पाया कि कारखाने पर बंदूक के लोहे के घोड़े, मक्खी (एकनाली, दोनाली), बन्दुको की 860 टोपियां, 34 लोहे की प्लेट, शामिल हैं। पुलिस ने मौके से अवैध हथियारों के काम में प्रयुक्त होने वाले औजार भी जब्त किए हैं। इस मामले में देवली थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर ने बताया कि कारखाने के मलिक आरोपी राजू लुहार ने इन सामग्रियों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस पेश नहीं कर सका।, जिसके बाद उस गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले में आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है कि आरोपी राजू लुहार के द्वारा आखिरकार इतना बारूद और हथियार,, और बन्दुको के पुर्जे के कहाँ किसे सप्लाई किए जाने थे।

## टोडारायसिंह में आर एस एस शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलनों की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक** । कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को मनाने के लिए भव्य हिंदू सम्मेलनों की योजना बनाने हेतु शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। शहर के सभी समुदायों के लोग एक साथ आए और फरवरी के पहले सप्ताह में तीन हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने के बजाय, छोटे पैमाने पर गहन कार्यक्रमों की योजना बना रहा है।

# बांग्लादेश में सनातनी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जयपुर का उग्र प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक/जयपुर (पुरूषोतम जोशी)।** बांग्लादेश में सनातनी अल्पसंख्यक को( हिंदू भाइयों ) पर हो रहे अत्याचार, हत्याएं, बहन-बेटियों की इज्जत खराब करना ,इसके विरोध में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जयपुर शाखा ने शहीद स्मारक जयपुर में.आई. रोड, गवर्नमेंट हॉस्टल के पास बांग्लादेश के अंतिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मंच के सैकड़ो साथी उपस्थित होकर एक रैली के रूप में बांग्लादेश मुर्दाबाद करते हुए , हिंदुस्तान जिंदाबाद करते हुए रैली निकाली तथा शहीद स्मारक पर जयपुर में पुतला जलाया गया इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक, राजस्थान प्रभारी, तथा पूर्व अध्यक्ष वक्फ बोर्ड (राज्य मंत्री )अबूबकर नकवी ने संबोधित करते हुए कहां कि जिस तरीके से हिंदुस्तान की सैना और हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की हिम्मत से पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान को घुटनों के बल बिठा दिया। इसी तरीके से बांग्लादेश में भी एक सैनिक ऑपरेशन होना आवश्यक हो गया ताकि बांग्लादेश में रह रहे सनातनी भाई (हिंदू भाई) राहत की सांस ले सके और सुकून से रह सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजिका रेशमा हुसैन और संभाग संयोजक अब्दुल अजीज ने भी अपना उद्बोधन देते हुए बांग्लादेश पर ऑपरेशन करने को कहा इस अवसर पर बाद में जिला कलेक्टर के अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के नाम ज्ञापन भी दिया गया।

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में होगा आज अमरूद महोत्सव का शुभारंभ**

# कृषि मंत्री डॉ. मीणा और कलक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन देश में पहली बार होने अमरूद महोत्सव का शुभारम्भ रविवार को प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान में किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। राज्य के कृषि उद्यानिकी एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

अमरूद महोत्सव की तैयारियों का कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह आयोजन सवाई माधोपुर के लिए अब तक का सबसे भव्य एवं गौरवपूर्ण कृषि आयोजन होगा और अधिक से अधिक किसानों, कृषि उद्यमियों और युवाओं से इसमें शामिल होकर लाभान्वित होने की अपील की। गौरतलब है कि अमरूद महोत्सव का आयोजन सवाई माधोपुर और आस-पास अन्य जिलों के किसानों की मेहनत और क्षेत्र की कृषि पहचान को दिलाने का अभिनव प्रयास है। इस आयोजन के जरिए सवाई माधोपुर में उत्पादित उच्च गुणवत्ता के अमरूद की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ-साथ कृषि उन्नत तकनीक मेले के आयोजन से किसानों को बेहतर मूल्य, आधुनिक तकनीक और बाजार से जुडऩे का मौका मिलेगा।

अमरूद महोत्सव में 200 से अधिक स्टॉल्स होंगी जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि 18 एवं 19 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में अमरूद प्रदर्शनी, प्रसंस्करण उत्पाद, कृषि यंत्रीकरण एवं ऑटोमेशन, उद्यानिकी तकनीक, कृषि आदान, समन्वित खेती आधारित पशुधन गतिविधियों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन सहित लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें टोंक, जयपुर, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, दौसा, करौली सहित विभिन्न जिलों से हजारों किसान शामिल होंगे। फल-फूल प्रर्दशनी का होगा आयोजन, 20 से अधिक राज्यों की नर्सरियां होंगी शामिल महोत्सव के अंतर्गत 18 जनवरी को फल-फूल प्रदर्शनी, किस्मवार अमरूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से 20 से अधिक उच्च गुणवत्तापूर्ण नर्सरियां भाग लेंगी, जहां अमरूद की लगभग 30 किस्मों के पौधे उपलब्ध रहेंगे। किसान पौधों की खरीद के साथ थोक बुकिंग भी कर सकेंगे। सवाई माधोपुर स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन रविवार को प्रातः 8 बजे लवकुश वाटिका चौथ का बरवाड़ा में नेचर वॉक (प्रकृति की सैर), प्रातः 10 बजे पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल मैच, दोपहर 2 बजे दशहरा मैदान में कन्हैया पद दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं 2 राजगढ़ में शुक्रवार को विद्यालय स्टाफ की ओर से स्टेशनरी सामान नोटबुक, पैन वितरण किया गया। विद्यालय के संस्थाप्रधान नरेशचंद सैनी बताया कि शुक्रवार को मकर संक्रांति पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को दो-दो नोटबुक व पेन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के संस्थाप्रधान नरेशचंद सैनी, अध्यापिका रेणुका तिवारी, वंदना शर्मा की ओर से सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान रोशन लाल सैनी, अशोक शर्मा, रामप्रताप मीना सहित शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पाटन में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार के अधीन संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पाटन में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य इस्लामुद्दीन ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकें तथा सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेलकूद, कंप्यूटर शिक्षा एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है। ऑनलाइन आवेदन 26 दिसम्बर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 15 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। प्रवेश हेतु विद्यार्थी का कक्षा 5 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रवेश के लिए आयु सीमा 10 से 13 वर्ष (31 मार्च 2026 तक) निर्धारित है। विद्यालय में कुल 60 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

## पीपली डोडियानः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों ने किया स्वेटर व स्टेशनरी किट वितरण




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपली डोडियान में शनिवार को भामाशाहों के सहयोग से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर एवं स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कुल 51 स्वेटर तथा 210 स्टेशनरी किट प्रदान की गईं।विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत राकेश कुमावत की प्रेरणा से जिला कलेक्ट्रेट राजसमंद में कार्यरत किशनसिंह शेखावत (ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी), विकास थोरी (जीएसटी विभाग), सुरेंद्र यादव (सांख्यिकी कार्यालय) एवं राजेश चौधरी (एसबीआई बैंक) के सहयोग से यह सेवा कार्य संपन्न हुआ।इस अवसर पर किशनसिंह शेखावत ने बताया कि यह आयोजन पिछले तीन वर्षों से कार्मिकों के आपसी सहयोग से निरंतर किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना ने भामाशाहों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार बैरवा, रतनलाल धोबी, विष्णुदत्त शर्मा, जया पुरोहित, अजय पुनिया, किशनलाल जायसवाल सहित विद्यालय के सभी कार्मिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पुत्र ने किये अपने पिता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्री कैलाश चन्द जैन पिता स्व0 श्री फूलचन्द जैन निवासी 28 मनु मार्ग हाउसिंग बोर्ड ,अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस. वर्मा ने बताया कि अभिनव जैन ने अपने पिताजी के निधन के बाद डॉ हेमंत कौशिक जी को बताया। तब डॉ हेमंत कौशिक जी ने उनके नेत्रदान के लिए डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल फोन किया। तदउपरांत आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र अभिनव जैन ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## पनियाला थाना पुलिस ने बालु मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर परिवहन करने पर की कार्यवाही

### बालु मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को किया जप्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के पनियाला थाना पुलिस ने बालु मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर परिवहन करने पर कार्यवाही करते हुये बालु मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त की। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी नाजिम अली के सुपरविजन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के निर्देशन में थानाधिकारी रणवीर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर शुक्रवार 16 जनवरी को रिवाला धाम के पास तन मलपुरा से दो मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कागजात के अभाव में धारा 207 एमवी एक्ट में जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 16 जनवरी को हैड कानि. ओमप्रकाश ने मय जाप्ता अवैध खनन के विरूद्ध चैकिंग के दौरान रिवाला धाम के पास तन मलपुरा से दो मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियां एचआर 35 एच 4992 व एचआर 35 यू 8358 को परिहवन करते हुये कागजात के अभाव में धारा 207 एमवी एक्ट में जप्त की, जिनके चालान न्यायालय में प्रेषित किये जावेगें।

# गरीबों के हक के लिए राजसमंद कलक्टर हसीजा का असाधारण प्रण

### जब तक पालनहार, पेंशन और एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण नहीं, तब तक वेतन भी नहीं लेंगे कलक्टर

### कलक्टर ने कहा जब सभी एसडीएम लक्ष्य पूरा करेंगे, तब ही लूँगा जनवरी का वेतन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** प्रशासनिक हल्के में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा का एक प्रण चर्चा का विषय बना हुआ है। सुशासन का संदेश देते हुए गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद परिवारों को समय पर उनका हक दिलाने के लिए जिला कलक्टर ने स्पष्ट शब्दों में सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि पालनहार योजना, पेंशन सत्यापन और एनएफएसए के सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण इसी माह अनिवार्य रूप से किया जाए। निरंतर सभी विकास अधिकारियों, तहसीलदार के माध्यम से समीक्षा की जाए और कोई भी पात्र वंचित न रहे। जिला कलक्टर हसीजा ने कहा कि जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका है, उनका पालनहार सत्यापन 28 जनवरी तक हर हाल में पूरा हो। जो वृद्ध, दिव्यांग और निराश्रित पेंशन के लिए तरस रहे हैं, उनका सत्यापन इसी माह हो और जो गरीब परिवार गेहूं के इंतजार में हैं, उन्हें एनएफएसए का लाभ इसी माह मिलना चाहिए।




**दंड नहीं, प्रेरणा से बदलाव का प्रयासः**
जिला कलक्टर ने दंडात्मक कार्रवाई के बजाय प्रेरणा, उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन के माध्यम से परिणाम लाने का सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सभी एसडीएम इस माह गरीबों को उनके ये अधिकार नहीं दिला पाए, तो वे स्वयं जनवरी माह का वेतन नहीं लेंगे।

**अवकाश के दिन भी चला सेवा का अभियानः**
जिला कलक्टर के इस संकल्प के बाद शनिवार के अवकाश के दिन भी जिले के सभी उपखंड अधिकारी और प्रशासनिक अमला पालनहार, पेंशन सत्यापन और एनएफएसए के लंबित प्रकरणों के निस्तारण में जुट गया। इससे यह उम्मीद जगी है कि इसी माह इन सभी योजनाओं के लक्ष्य पूरे होंगे और पात्र गरीबों को उनका अधिकार मिलेगा। यह पहल एक ऐसे संवेदनशील और जिम्मेदार अधिकारी का उदाहरण है, जो अपने पद को नहीं, अपने कर्तव्य और मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देता है। राजसमंद में जिला कलक्टर का यह प्रण प्रशासनिक सेवा में जनकल्याण और नैतिक नेतृत्व की एक प्रेरणादायी मिसाल बनकर सामने आया है।

**लेखाधिकारी को दिए वेतन रोकने के निर्देशः**
अपने प्रण को व्यवहार में उतारते हुए जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट के लेखाधिकारी प्रवीण सिंह को निर्देश दिए कि उनका (कलक्टर का) जनवरी माह का वेतन बिल तब तक नहीं बनाया जाए, जब तक सभी एसडीएम शत प्रतिशत सत्यापन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर देते।

### जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर की निष्पक्ष जांच की मांग

## भाजपा नेताओं द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में किये जा रहे दुरूपयोग का जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में बिना किसी ठोस कारण एवं विवरण के बड़ी संख्या (बल्क) में फॉर्म नं. 07 जमा करने के संबंध में त्वरित हस्तक्षेप हेतु जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर ने मांग की कि जिले में 12 अगस्त 2025 को राजस्थान मतदाता सूची के साथ प्रकाशन किया जा चुका है एवं 12 से 15 दिसम्बर 2025 तक दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करवाने का समय निर्धारित किया गया था। गुर्जर ने कहा कि नियमानुसार इलैक्ट्रोल मैनुअल 2023 के पैरा संख्या 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क आवेदन प्राप्त नहीं किये जा सकते, व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म (दावा एवं आपत्ति) जमा कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल का बीएलए-2 प्रतिदिन 10 फॉर्म जमा कर सकते हैं, जिसमें मतदाता की संपूर्ण जानकारी मय मोबाईल नंबर साक्ष्य अंडर टेकिंग होना आवश्यक हैं। हमें जानकारी प्राप्त हुई है कि उपखण्ड कार्यालयों में नियमों के विरुद्ध एक राजनीतिक दल द्वारा साजिश के तहत बल्क में एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फार्म नं. 07 व फॉर्म नं. 06 प्रस्तुत किये गये हैं, जो कि स्पष्ट रूप से चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के खिलाफ है। ऐसे सभी नियम विरुद्ध जमा फॉर्म नं. 06, 07 एवं 08 संकलन सूची कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध करवाई जावें, बल्क में जमा हुये फर्जी आवेदनों पर किसी भी प्रकार का संज्ञान ना लिया जाये। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र विरोधी कार्य की पुरजोर शब्दों में कड़ी निंदा करती है और इस तरह के कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग करती हैं। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिनिधि मंडल में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा, बहरोड़ से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रहे संजय यादव, डॉ. आर. सी. यादव, पीसीसी सचिव जगदीश मीणा, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व एड. सतीश निमोरिया, रमेश जिंदल, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह राठौड़, पूर्व पार्षद राजेन्द्र सिंह मीणा, कमलेश मीणा, मुकेश मुक्कड, सागर दहिया समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्षगांठ पर 22 जनवरी को निकलेगी शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बजरंग सेना राजगढ़ की ओर से श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्ष गांठ पर 22 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार जांगिड़ ने बताया कि कस्बे के सैनी धर्मशाला से 22 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे वैदिक मंत्रोचार के साथ ध्वजा पूजन कर व भगवान श्री राम जी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा को भाजपा नेता बना राम मीणा व बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा का गोल सर्कल,चौपड़ बाजार व माचाडी चौक पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। वहीं गोल सर्कल स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पठन किया जाएगा। माचाडी चौक स्थित गणेश पोल पहुंचकर शोभायात्रा का समापन होगा। महा आरती कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## राजसमंद में आज सजेगा विराट हिंदू सम्मेलन का मंच

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता के संकल्प के साथ जिला मुख्यालय पर द्वारकेश बस्ती की ओर से रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव को लेकर शहर में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और बस्ती के हर कोने को केसरिया ध्वजों व आकर्षक सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजन की पूर्व संध्या पर आयोजन समिति के सदस्यों ने द्वारकेश वाटिका का दौरा कर विशाल पंडाल, मंच सज्जा, अतिथि सत्कार, बैठक और सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित भोजन शाला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दोपहर एक बजे कुमावत समाज के नोहरा (हाथी नाड़ा) स्थित केदारेश्वर महादेव परिसर से होगा, जहाँ से एक विशाल कलश व शोभायात्रा प्रस्थान करेगी। इस यात्रा की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मातृशक्ति द्वारा 2100 मंगल कलश धारण किए जाएंगे, वहीं घोड़े, महापुरुषों की मनमोहक झांकियों के अलावा बाबा रामदेव, प्रभु चारभुजा नाथ का विग्रह एवं प्रभु सांवरिया सेठ की मनोरम व श्रंगारित छवि के साथ लहराते भगवा ध्वज आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। यह शोभायात्रा मुखजी चौराहा, जेके मोड़ और कांकरोली पुराने बस स्टैंड जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई द्वारकेश वाटिका पहुंचेगी, जहां यह एक विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो जाएगी।

## मानवता एवं सेवा की भावना से करें कार्य - डॉ. शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला स्तर पर तीन दिवसीय पैलेटिव केयर का प्रशिक्षण सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया कि असाध्य रोगों से पीडित व्यक्ति की घर पर सुचारू देखभाल करने एवं उसके जीवन स्तर में सुधार करने के लिये 03 दिवसीय पैलेटिव केयर का प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया गया हैं। उन्होंने प्रषिक्षणार्थियों को मानवता एवं सेवा की भावना से कार्य करने के लिये प्रेरित किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया ने बताया कि जो लोग असाध्य रोग से पीडित हैं तथा जिनकी समय पर असुविधा के कारण घर पर देखभाल नहीं हो पा रही है उनको स्वास्थ्य सुविधा एवं देखभाल के लिये पैलेटिव केयर की जायेगी। डीएनओ रविकांत जागिड़ ने बताया कि इसके लिये क्षेत्र में सभी सीएचओ, एएनएम एवं आशा द्वारा सर्वे कर सभी पैलेटिव केयर मरीजों की सूची बनाई जायेगी तथा उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिये टीम भिजवाई जायेगी। प्रशिक्षण में राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय से डॉ. के. के. सैनी व डॉ. एस.पी. मौर्य, डीएनओ रविकांत जागिड़, नर्सिंग अधिकारी सूबेदार यादव एवं पुरुषोत्तम द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीएचओ व एएनएम उपस्थित रहे।

पैलेटिव केयर गंभीर बीमारियों से पीडित लोगों के लिये विशेष चिकित्सा सहायता है, जो दर्द, लक्षणों और तनाव को प्रबंधित करके निदान से लेकर उपचार तक शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करके रोगियों और उनके परिवारों के लिये जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने पर केंद्रित है और इसे उपचारात्मक देखभाल के साथ भी दिया जा सकता है। यह एक टीम दृष्टिकोण है, ना केवल जीवन के अंतिम क्षणों के लिये बल्कि जीवन के लिये खतरा पैदा करने वाली या पुरानी बीमारी से पीडित किसी भी व्यक्ति के लिये अस्पतालों, क्लीनिकों या घर जैसे विभिन्न स्थानों पर आराम, समर्थन और व्यावहारिक सहायता प्रदान करना हैं।

### नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन, सिलाई सहित कई प्रशिक्षण सुविधाएं

# प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से खुदनपुरी रोड स्थित उजागर सिंह कॉलोनी में नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन समाजसेवी झाबरमल यादव ने किया। इस केन्द्र का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है।

प्रथम चरण में महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, जूट उत्पाद निर्माण, गाय के गोबर से बने उत्पाद तथा खाद्य सामग्री निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र में आवश्यक मशीनें एवं सभी सुविधाएं डूंगाराम यादव एवं मनी देवी की स्मृति में जेएमसीसी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के डायरेक्टर झाबरमल यादव द्वारा प्रदान की गई हैं। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, जिसे नेक कमाई फाउंडेशन की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नारी सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत ने महिलाओं से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेकर स्वावलंबी बनने का आह्वान किया।

समाजसेवी झाबरमल यादव ने कहा कि एक महिला के स्वावलंबी होने से केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और देश को भी लाभ होता है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के भी प्रयास किए जाएंगे तथा भविष्य में अलवर शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे केन्द्र खोले जाएंगे।

शिक्षाविद राजेश लवानिया ने प्रशिक्षण के साथ-साथ महिलाओं एवं बेटियों से शिक्षा जारी रखने की अपील की। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं को कंबल वितरण भी किया गया। केन्द्र संचालिका रेखा कर्दम ने बताया कि वर्तमान में 25 जरूरतमंद महिलाएं सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं, जिसका कोर्स तीन माह में पूर्ण होगा।

गायत्री परिवार की प्रतिभा सिंह ने कहा कि इन परिवारों की बेटियों की शिक्षा में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया।

## बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** रविवार को 132 केवी जीएसएस लाखेरी में 132 केवी जीएसएस में मेन बेस के रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। 132 केवी जीएसएस कार्यालय के सहायक अभियंता दयाशंकर मालव व कनिष्ठ अभियंता बुधराम मीणा ने बताया कि इस रखरखाव के चलते 132 केवी जीएसएस से जुड़े इंदरगढ़,घाट का बराना,दौलतपुरा,करवर,नौताड़ा, नयापुरा लाखेरी, हाउसिंग बोर्ड तथा डब्ल्यू आर डी फीडर वही 11 केवी फीडर से जुड़ी लाखेरी शहर ग्रामीण गेंडोली और इंदरगढ़ क्षेत्र तथा इनसे जुड़े अन्य ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से लेकर दोपहर 2.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का फॉलोअप आज

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** भारत विकास परिषद द्वारा 21 दिसंबर 2025 को स्वर्गीय श्री कस्तुरचंद जी एवं स्वर्गीय श्रीमती धापूबाई जी की स्मृति में आयोजित नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का फॉलोअप कैंप आज 18 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। यह फॉलोअप कैंप भारत विकास परिषद अस्पताल, छगन भाई की बगीची, जुल्मी रोड, रामगंजमंडी में रहेगा।परिषद के संजय पतीरा एवं संजय विनायका ने बताया कि शिविर में 21 दिसंबर को कुल 267 मरीजों को ऑपरेशन के लिए कोटा भेजा गया था। इनमें से 6 मरीज जांच में ऑपरेशन के अयोग्य पाए गए थे, जिनका ऑपरेशन आगामी 20 जनवरी को किया जाएगा। शिविर के दौरान 233 मोतियाबिंद, 24 नाखुना एवं 4 काला पानी के ऑपरेशन किए गए थे। फॉलोअप कैंप में सभी मरीजों की आंखों की जांच कर नंबर चेक किए जाएंगे तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क नंबर वाले चश्मे वितरित किए जाएंगे।

05

## कोटा में राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रघुराई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार से राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। संभागीय आयुक्त श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने विधिवत उद्घाटन की घोषणा करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं आपसी समन्वय, सहयोग और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह में जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे 27 जिलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कोटा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीमित समय में भी जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता एवं मानसिक संतुलन प्राप्त होता है।

निदेशक कोष एवं लेखा श्रीमती संध्या शर्मा ने खिलाडियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। उद्घाटन के बाद संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती तेजस्विनी गौतम ने खिलाडियों से मुलाकात कर बैडमिंटन कोर्ट में खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

श्रीराम कथा आयोजन को मिल रहा व्यापक जनसहयोग

## भामाशाहों ने संभाली व्यवस्थाएं, मंत्री मदन दिलावर कर रहे लगातार निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी (नि.स.)।** फतेहपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में 23 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाली बाबा बागेश्वर धाम के आचार्य पं. धीरेंद्र शास्त्री की श्रीराम कथा एवं गौ माता महोत्सव को लेकर रामगंज मंडी में उत्साह का माहौल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के भामाशाहों द्वारा अभूतपूर्व सहयोग किया जा रहा है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंज मंडी विधायक मदन दिलावर ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन जनता का है और नगद दान स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनकी अपील पर लोगों ने सामग्री व सेवाओं के रूप में सहयोग की झड़ी लगा दी है। लगभग सभी व्यवस्थाएं समाज के सहयोग से पूरी की जा चुकी हैं। कथा स्थल पर तैयारियां भी तेज हो गई हैं। मुख्य पंडाल का ढांचा खड़ा हो चुका है, मैदान व पार्किंग स्थल को समतल किया गया है तथा प्रकाश व्यवस्था की गई है। मंत्री स्वयं प्रतिदिन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं।

स्वर्ण-रजत मार्केट में मंगलसूत्र चोरी का खुलासा

## आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार, मंगलसूत्र बरामद

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** स्वर्ण-रजत मार्केट स्थित ज्वेलरी दुकान से मंगलसूत्र चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के निर्देश पर गठित टीम ने सानिया (37) और राजीव कुमार (38), निवासी डेमगंज, थाना इस्लामाबाद, जिला अमृतसर (पंजाब) को बापर्दा गिरफ्तार किया।

घटना 15 जनवरी 2026 की है। फरियादी चंद्रशेखर सोनी ने रिपोर्ट दी कि नेहा ज्वेलर्स, दुकान नंबर 138 पर एक महिला और पुरुष ग्राहक बनकर आए। आभूषण दिखाने के दौरान महिला ने छोटा मंगलसूत्र चोरी कर लिया और दोनों एटीएम से पैसे लाने का बहाना कर चले गए। बाद में जांच करने पर मंगलसूत्र गायब मिला और सीसीटीवी फुटेज में चोरी की पुष्टि हुई।

प्रकरण दर्ज कर कोतवाली थानाधिकारी महेंद्र कुमार मारु के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। सूचना के आधार पर दोनों को भिवाड़ी से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

बूंदी में भगवान देवनारायण जयंती का भव्य आगाज:महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

# 24 जनवरी को होगा ऐतिहासिक जयंती के साथ निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** गुर्जर समाज जिला बूंदी द्वारा आराध्य देव भगवान देवनारायण की जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष विशाल और ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की इसी कड़ी में शनिवार, 17 जनवरी को शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।



कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

आजाद पार्क से शुरू हुई इस भव्य कलश यात्रा में 1100 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गान के साथ प्रस्थान किया। इस दौरान आसींद से पधारे सुरेश दास महाराज एवं मालासेरी से हेमराज पासवाल महाराज बग्गियों में सवार होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई बाईपास स्थित देवनारायण मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का नेतृत्व समाज के संरक्षक श्योजी धकाल एवं जिलाध्यक्ष रामस्वरूप धकाल ने किया। 23 जनवरी को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर विशाल भजन संध्या (जागरण) का आयोजन होगा, जिसमें करीब 1000 श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। 24 जनवरी को मुख्य समारोह प्रातः 11 बजे से मुख्य आयोजन शुरू होगा। भगवान देवनारायण मंदिर देवपुरा में पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सर्किट हाउस, अहिंसा सर्कल, इंदिरा मार्केट, कोटा रोड और लंका गेट होते हुए बाईपास रोड स्थित मंदिर पहुंचेगी।

### शोभायात्रा के आकर्षण और व्यवस्थाएं

मुख्य शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं-

नि:शुल्क विवाह सम्मेलन के दूल्हा-दुल्हन सुसज्जित बग्गियों में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में 10 डीजे, 8 अखाड़े, बाहर से बुलाए गए विशेष कलाकार, बैंड-बाजे और घोड़ी पर सवार भगवान देवनारायण की झांकी मुख्य आकर्षण होंगे। समारोह के दौरान समाज के 150 से 200 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने समस्त समाज बंधुओं और आमजन से अपील की है कि 24 जनवरी को होने वाले इस विशाल धार्मिक और सामाजिक समागम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### प्रमुख उपस्थिति एवं आयोजन समिति

कलश यात्रा एवं आयोजन की व्यवस्थाओं में कार्य संयोजक सत्यनारायण खाटरा (तलेड़ा), अध्यक्ष रामस्वरूप धगाल, सह संयोजक बाबूलाल भातडिया एवं रंगलाल गुंजल, महासचिव अनिल तंवर, उपाध्यक्ष खेमराज भालेसर, संगठन मंत्री जुगराज गुर्जर (एडवोकेट), विधि सलाहकार राम खटाना एवं भीमराज गुर्जर मौजूद रहे।

परमात्मा का रंग लग जाये तो शरीर में कभी जंग नहीं लगता- पूज्य पं.नागरजी

# श्रीमद भावगत कथा के तीसरे दिन भक्तों की संख्या बढने पर पांडाल का विस्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**बकानी/कोटा (विनोद गौड़)।** दिव्य गौ सेवक संत पं.कमल किशोर जी नागर ने कहा कि हमारे शरीर पर परमात्मा का भक्ति रूपी रंग लग जाये तो शरीर पर कभी जंग नहीं लगता है। भक्ति से उम्र बढ़ जाती हैं। कथा में गुरू भी पेंटर की तरह आपको भक्ति का रंग लगाता है। परमात्मा के संग लाकर आपकी उम्र बढ़ाता है।



बकानी के पास थोबडिया खुर्द गांव में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्य पं.नागर जी ने कहा कि मकर संक्रांति पर सफेद तिल अच्छे की तरह और काले तिल बुरे की तरह होते हैं लेकिन इसमें गुड़ मिलाकर हम सभी को निभाते हैं। मनुष्य जीवन में पुण्य, पूर्वज और परमात्मा तीनों साथ रहना चाहिये। भागवत कथा से आपको पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है, भक्ति से परमात्मा का साथ मिलता है तो पुण्य लाभ भी अर्जित हो जाता है। पुण्य कार्य करने से भगवान विपरीत स्थिति में भी आपकी सुनता है।

उन्होंने मधुर भजन-'गोविंद मेरो है, गोपाल मेरो है...' सुनाते हुये कहा कि भगवान से इतना अपनापन बना लो। क्योंकि जो भक्ति करते हैं भगवान भी उनको अपना मानते हैं। मीरा ने अपनी अटूट भक्ति से बताया कि पराये पुरूष से गोविंद की बात करने पर वे ताने मारेंगे इसलिये कोई बात नहीं की। मैने निरंतर भजन करते हुये परमात्मा से बात की तो वे नजर आये। आपको पुरूषोत्तम नजर नहीं आये तो अपनी भक्ति को और बढ़ाओ। जब अपनापन गहरा होगा तो वे नजर आयेंगे।

जैसा संग- वैसा रंग

पूज्य नागरजी ने कहा कि नाली के कीचड़.में गुलाब का फूल खिल भी जाये तो उसे परमात्मा को चढ़ाने की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि उसमें सुगंध नहीं है। सुगंध वाले गुलाब के लिये तो बगीचे तक जाना ही पड़ेगा। इसी तरह मनुष्य जीवन में जैसा संग करोगे, वैस रंग चढ़ेगा। भक्तिभाव से जुडना है तो मौहल्ले में समिति बनाओ, सुदर कांड पाठ करो तो भगवान से संबंध स्वतः जुड़ जायेगा। हमारा समय बीत रहा है। जीवन में कण-कण, क्षण-क्षण का ध्यान रखना होगा।

उन्होंने कहा कि राम और काम में बहुत अंतर है। हम काम में इतना व्यस्त हो गये कि राम को भूल रहे हैं। कथा-सत्संग में कुछ देर बैठने से परमात्मा से संबंध जुड़ जाता है। वो दीन-दयालु हैं, गरीबी में दीन पर दया अवश्य करते हैं। कथा के प्रारभ में बाल संत गोविंद ने एक सुमधुर भजन सुनाकर भक्तों को अपने घर-परिवार में मिलजुल संबंध निभाने का संदेश दिया। कथा आयोजक मोहनलाल मदनलाल विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को कथा स्थल पर भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुये विशाल पांडाल को और बढ़ा दिया गया है।

## फर्जी आर्मी अधिकारी बनकर युवकों से ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** नेहरू गार्डन नयापुरा के पास आर्मी अधिकारी बनकर बेरोजगार युवकों को सेना में भर्ती कराने का झांसा देकर पैसे ऐंठने वाले एक शातिर युवक को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम आईपीएस ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को इंटेलिजेंस टीम कोटा को नेहरू गार्डन नयापुरा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति के बारे में सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर आर्मी की वर्दी में घूम रहे युवक को डिटेन किया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेश गिर पुत्र श्री प्रकाश गिर (उम्र 22 वर्ष), जाति गोस्वामी, निवासी ग्राम जडवासा, तहसील पीपलोदा, थाना कालूखेड़ा, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) बताया।

संयुक्त पूछताछ टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपी स्वयं को आर्मी अधिकारी बताकर बेरोजगार युवकों को सेना में भर्ती कराने का झांसा देता था और इसके बदले उनसे पैसे वसूल करता था। आरोपी ने आर्मी की वेशभूषा पहनकर आर्मी एरिया एवं नेहरू गार्डन के आसपास घूमकर लोगों को भ्रमित किया।

पूछताछ के बाद आरोपी को थाना नयापुरा लाया गया, जहां उसके खिलाफ धारा 126 एवं 170 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी को माननीय अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटा के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने अब तक कितने युवकों से ठगी की है।

## पंच गौरव कार्यक्रम से महिलाओं को मिला उद्यमिता का प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** उद्यान विभाग द्वारा राजीविका से जुड़ी महिलाओं के लिए पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला-एक उपज योजना में चयनित धनिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, बोरखेड़ा में एक दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की विशिष्ट उपज को पहचान दिलाते हुए उसके उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से महिलाओं एवं किसानों की आय बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि अधिकारी सोनल सिंघल ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इंटीग्रेटेड पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के तहत प्राथमिक एवं द्वितीयक प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर मिलने वाले अनुदान की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि धनिया की सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से उत्पाद का मूल्य बढ़ता है और बाजार में बेहतर दाम मिलते हैं। विषय विशेषज्ञ गृह विज्ञान डॉ. गुंजन सनाढ्य ने धनिया से बनने वाले बर्फी, बिस्किट, चटनी और पंजीरी जैसे उत्पादों के निर्माण की विधियां व्यावहारिक रूप से बताईं। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्पाद घर पर ही तैयार कर स्थानीय बाजार, हाट बाजार, मेलों और ऑनलाइन माध्यमों से बेचकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

# सीएमएचओ ने कुन्हाड़ी जिला अस्पताल भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण पूरा करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोदगौड़)।** सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने शनिवार को कुन्हाड़ी जिला अस्पताल भवन के (डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल) के निर्माण कार्यों का सघन संयुक्त निरीक्षण किया। उनके साथ जिला अस्पताल कुन्हाड़ी के पीएमओ डॉ. सी.पी. कालवाड़ और बीसीएमएचओ सुल्तानपुर डॉ. राजेश सामर भी थे।

**निरीक्षण के मुख्य बिंदु**

निर्माण कार्य की प्रगतिः अधिकारियों ने अस्पताल भवन के विभिन्न विंग्स का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि आमजन को जल्द से जल्द अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**गुणवत्ता की जाँच -**



सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर ने स्पष्ट किया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और फिनिशिंग में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

**संसाधन और लेआउट -**

डॉ. सी.पी. कलवार ने अस्पताल के भीतरी लेआउट, वार्डों की व्यवस्था और भविष्य में मशीनों के इंस्टॉलेशन को लेकर तकनीकी सुझाव दिए, जिससे मरीजों को एक ही छत के नीचे सुगम इलाज मिल सके।

**समन्वय-**

डॉ. राजेश सामर ने क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप अस्पताल के विस्तार और जनहित में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की।

निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि अस्पताल को पूरी क्षमता के साथ शुरू किया जा सके।

खराब रोड पर दुर्घटनाओं की आशंकाएं, टोल वसूली बंद करने की मांग

# सांगोद-बपावर रोड की बदहाल स्थिति पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता दिनेश नागर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर सांगोद-बपावर रोड की जर्जर व बदहाल स्थिति से अवगत कराया।

कांग्रेस प्रतिनिधियों ने बताया कि सडक़ की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण आमजन, वाहन चालकों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



टोल रोड के बुरे हालात लेकिन वसूली पर भडक़े कांग्रेसी

प्रतिनिधिमंडल ने सांगोद से कमोड तक पूरी तरह से जर्जर हो चुकी सडक़ पर भी टोल वसूला जा रहा है।

आम जनों की लगातार शिकायत के बाद प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि जब तक इस मार्ग पर नई सडक़ का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली बंद की जाए।

इसके साथ ही सांगोद नगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने बोरदा टोल को नगर पालिका क्षेत्र में स्थित बताते हुए नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों के लिए टोल फ्री किए जाने की मांग रखी। वहीं जोलपा रोड स्थित नहराव जी महाराज के कुंड के पास सडक़ पर दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग भी की गई।

पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दिनेश नागर ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विभाग स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# धौलपुर में लाखों की चोरी का खुलासा: गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार, मुरैना और करौली सहित 12 जगह वारदातें कबूलीं




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने घरों में घुसकर लाखों रुपए और आभूषण चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। निहालगंज थाना पुलिस ने इस गिरोह के मुख्य सरगना अरमान उर्फ वीडियो को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक गिरोह के तीन सदस्य पकड़े जा चुके हैं, जिनसे करीब एक दर्जन चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 70 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान के निर्देशन में निहालगंज थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। घटना 26 दिसंबर 2025 को सामने आई थी, जब मानसरोवर कॉलोनी, धौलपुर निवासी श्वेता तिवारी ने निहालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से नकदी और जेवरात चुरा ले गए। इस पर निहालगंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर आरोपियों की पहचान की। लगातार ठिकाने बदलने के कारण आरोपी पुलिस से बचते रहे, लेकिन पुलिस ने पहले साहिल पुत्र रसूल खान और अरमान पुत्र सहजाद को गिरफ्तार कर लिया था।

इसके बाद 13 जनवरी 2026 को गिरोह के मुख्य आरोपी अरमान उर्फ वीडियो पुत्र भरोसी को सुआ का बाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र (राजाखेड़ा बाईपास, महाराणा प्रताप नगर, अन्य कॉलोनियां) और कोतवाली थाना क्षेत्र (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी) में चोरी की कई वारदातें कबूल की हैं। उसने मुरैना और करौली में भी चोरी करना स्वीकार किया है।

# विद्यार्थी अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें - हरिओम शर्मा

## वाहन चालकों के साथ चलाया समझाइश अभियान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान सरकार द्वारा मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री महात्मा गांधी सिटी कोतवाली विद्यालय में किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिले में विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत इस स्लोगन लेखन चित्रकला नुक्कड़ नाटक और बाल वाहिनीयों की संघन जांच के साथ बाल वाहिनी चालकों के बीच समझाइश कराई गई। समारोह के मुख्य अतिथि धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा रहे। हरिओम शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निव्हान करें। उन्होंने कहा कि जब तक आप 18 वर्ष की आयु पूर्ण न कर लें तब तक आप वाहन ना चलाएं। वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें, उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे अपने अभिभावकों को यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती रमन परमार ने कहा कि विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता के बाद परिवहन विभाग की ओर से स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जिससे विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में बारीकी से जाने का अवसर मिलेगा।

# भरतपुर स्थापना दिवस को सार्थक एवं परिणामोन्मुख बनाने के दिए सुझाव

## गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सुझावों को शामिल करने का किया आग्रह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर स्थापना दिवस के अवसर को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए उसे नगर के वर्तमान, भविष्य और नागरिक चेतना से जोड़ने की आवश्यकता है। इसी क्रम में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर भरतपुर स्थापना दिवस को अधिक उपयोगी, अनुकरणीय एवं दीर्घकालीन प्रभाव उत्पन्न करने के सम्बन्ध में अनेक सुझाव दिए हैं। गुप्ता ने पत्र में कहा कि पूर्व के अनुभव यह दर्शाते हैं कि पूरे शहर को एक ही दिन में सम्पूर्ण रूप से सफाई करना व्यवहारिक नहीं है। स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसके लिए चरणबद्ध और संस्थागत प्रयास आवश्यक हैं। इसलिए स्थापना दिवस के अवसर पर मॉडल स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाना चाहिए, जो पूरे शहर के लिए प्रेरणा का कार्य करे। प्रस्तावित मॉडल स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट, उपखंड कार्यालय, तहसील, विकास विभाग, नगर निगम सहित सभी राजकीय कार्यालयों और प्रशासनिक भवनों की आंतरिक एवं बाह्य स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए, साथ ही सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सालयों एवं सार्वजनिक भवनों के शौचालयों की गहन सफाई, जल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और नियमित रखरखाव की मानक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# चिलाखुर गांव में सफाई नहीं, नालियां-गलियां गंदी

## ग्रामीण बोले- सफाई वाहन गांव के बाहर से ही लौट जाते है, नाराजगी जताई



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** चिलाखुर गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, सफाई वाहन गांव के बाहर से ही लौट जाते हैं और पूरे गांव में सफाई नहीं हो पाती है। केवल आधे गांव में ही सफाई की जा रही है, जबकि नालियों और गली-मोहल्लों की सफाई पूरी तरह से ठप है। विशेष रूप से ठाकुर मोहल्ला में सफाई नहीं हो रही है।

ग्रामीणों ने कई बार सफाई कर्मचारियों से इस संबंध में बात की है, लेकिन वे हर बार बात को टाल देते हैं और बिना काम किए ही चले जाते हैं। नगर पालिका का सफाई वाहन भी अक्सर जाटव मोहल्ला में खड़ा होकर वापस चला जाता है। इस समस्या को लेकर बच्चू शर्मा, मोहन सिंह और विजराज परमार सहित कई ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# बैंक का नाम बदला, पेंशन उपभोक्ताओं की रुकी पेमेंट

## बाड़ी में सैकड़ों उपभोक्ता परेशान, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम बदले जाने के बाद सैकड़ों उपभोक्ताओं की पेंशन अटक गई है। इस समस्या से परेशान उपभोक्ताओं ने राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन आर्यन राय के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन आर्यन राय ने बताया कि बाड़ी शहर में स्थित बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा में सैकड़ों उपभोक्ताओं के खाते हैं। इनमें समाज कल्याण विभाग से जुड़ी पेंशन पाने वाले बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग उपभोक्ता भी शामिल हैं। हाल ही में बैंक का नाम बदलकर राजस्थान ग्रामीण बैंक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाम परिवर्तन के साथ ही बैंक का आईएफएससी कोड और उपभोक्ताओं के खाता नंबर भी बदल गए। इस बदलाव की जानकारी समय पर उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाई, जिससे बड़ी संख्या में पेंशनधारकों की पेंशन रुक गई।

**ग्रामीण उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित**-इस बदलाव से ग्रामीण क्षेत्रों के वे उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जो तकनीकी प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ हैं। बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारक न तो बैंक में अपनी समस्या का समाधान पा रहे हैं और न ही ई-मित्र केंद्रों पर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी मिल रही है।

**जांच और समाधान की मांग**-ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए और सभी प्रभावित उपभोक्ताओं की पेंशन शीघ्र बहाल की जाए। साथ ही बैंक और संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समय हरिसिंह पहाड़िया, ताजुद्दीन पठान, नईम खान, सोनू दिवाकर सहित कई परेशान बैंक उपभोक्ता मौजूद रहे.

# फेडरेशन कप के लिए भरतपुर की 16 खिलाड़ियों का चयन




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** टीम मैनेजर निकुंज गुप्ता ने बताया इंडिया ताइक्कांडो की तत्वाधान मे राजस्थान ताइक्कांडो द्वारा 18 से 22 जनवरी को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम मे आयोजित फेडरेशन कप राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए मुखर्जी नगर फाइटर्स जोन ताइक्कांडो एकडेमी की 16 खिलाडीयों का अलग अलग केटेगरी मे चयन हुआ हैं जिसमे किड्स मे 27 किग्रा मे निहित जैन, कैडेट मे 41 किग्रा मे कृष्णा सोलंकी, 37 किग्रा में कोमल, 49 किग्रा मे निकुंज सोगरवाल, 51 किग्रा मे आरना सिंघल, 55 किग्रा मे पारूल सिंह,59 किग्रा मे अनवेशा, जूनियर केटेगरी 44 किग्रा भूमिका सैन, 46 किग्रा मे रिया सोगरवाल, 55 किग्रा मे कार्तिक उपमन, सीनियर केटेगरी मे 49 किग्रा मे कृष्णा जाट, 53 किग्रा मे तनु शुक्ला, 58 किग्रा समीर वर्मा, 68 किग्रा मे जय सिंघल, 87 किग्रा वीर प्रताप सिंह का चयन हुआ हैं द्य गुप्ता ने बताया के प्रतियोगिता की मेडलिस्ट खिलाड़ियों का अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता कि ट्रायल के लिए चयन होगा द्यसभी खिलाडी कोच निखिल तोमर के साथ रवाना हुए।

# केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में वाल्मिकी समाज के लोगों को किया जागरूक

## गांधी से डरती है भाजपा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रदेश कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शहर के ईदगाह कॉलोनी स्थित बाल्मिकी सामुदायिक भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक प्रभारी रमेश धावाई एवं अशोक ताम्बी ने भाग लेकर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में वाल्मिकी समाज के लोगों को जागरूक किया। बैठक की अध्यक्षता शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ दयाचंद पचौरी ने की।

शहर प्रवक्ता दिगम्बर खटाना ने बताया कि इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा गांधी के नाम से डरती है इसीलिए मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाकर जीरामजी करके उसे भी धार्मिक उन्मांद फैलाने का आधार बना दिया। जो राज्य पहले से ही अपने आधारभूत विकास के लिए केंद्र सरकार से पैसे की उम्मीद करते हैं उन्हीं राज्यों पर 40: का अतिरिक्त भार डालकर मनरेगा कर्मियों के साथ धोखा और भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास केंद्र सरकार कर रही है।कांग्रेस पार्टी इसका डटकर विरोध करेगी। संचालन इंजी जीवनलाल शर्मा ने किया।इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सतीश सोगरवल, पूर्व पार्षद चरण सिंह बाल्मीकि, राजेन्द्र सारस्वत, निरंजन जघीना,दिगम्बर खटाना, अजयपाल दारापुरिया,सुरेश पदयात्री, अभिषेक तिवारी, चंद्रकांत शर्मा, नदीम मलिक,वशीर खान, अवधेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण सैन,दिनेश सोगरवाल, अभिषेक चाँदवारी,हरिओम सारस्वत, पूनम शर्मा, उपेंद्र चंदेला,अमित गौरावर, राकेश पठानियाँ, कैलाश सारवान, कर्मवीर फौजदार, राकेश सोलंकी,शहीद खान, मानसिंह सैन, लखन सिंह,नरेश कुमार, मोनू, राजू सहित कांग्रेस जनों ने अपने विचार रखे।

# भारत में तेजी से बढ़ रही एग फ्रीजिंग

## डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव ने दी विशेष जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** आज की महिलाएं अपनी जिंदगी की प्लानिंग कैलेंडर और डेडलाइंस के हिसाब से कर रही हैं। कब पढ़ाई पूरी होगी, कब करियर सेट होगा, कब आर्थिक स्थिरता आएगी। लेकिन शरीर का बायलॉजिकल कैलेंडर इन योजनाओं से अलग चलता है। यहीं से शुरू होता है वो टकराव, जहां मन कहता है अभी नहीं और बॉडी चुपचाप समय गिनती रहती है।

इसी गैप में एक मेडिकल ऑप्शन का सामने आया हैएग फ्रीजिंग। इसे फर्टिलिटी का पॉज बटन भी कहा जाता है, जिसे महिलाएं अब ज्यादा आत्मविश्वास से दबा रही हैं। पिछले एक दशक में दुनिया भर में एग फ्रीजिंग के मामलों में करीब 60: फ्रिजिंग की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अमेरिका में यह ट्रेंड और तेज है, जहां हर साल एग फ्रीजिंग साइकल्स में औसतन 20: की वृद्धि देखी जा रही है। भारत में भी तस्वीर तेजी से बदल रही है। फोर्ब्स इंडिया के मुताबिक, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में पिछले पांच सालों में एग फ्रीजिंग को लेकर पूछताछ में पांच गुना तक इजाफा हुआ है। दिल्ली के बड़े फर्टिलिटी सेंटर्स में जहां पहले साल में एक-दो महिलाएं ही यह ऑप्शन चुनती थीं, अब हर महीने 5 से 6 महिलाएं एग फ्रीजिंग करा रही हैं। उक्त जानकारी पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ सर्जन डा0 अखिलेश श्रीवास्तव की पुत्रवधु वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ गोल्ड मैडलिस्ट डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने आप अपने कृष्णा नगर स्थित एसएस हॉस्पीटल पर दी।

**सवाल – एग फ्रीजिंग क्या होती है?**

**जवाब –** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग एक मेडिकल प्रोसेस है। इसमें महिला के अंडों को शरीर से निकाल लिया जाता है। इन अंडों को बहुत कम तापमान पर फ्रीज किया जाता है, ताकि भविष्य में उनका इस्तेमाल किया जा सके। इसका मकसद अंडों की मौजूदा क्वालिटी को सुरक्षित रखना होता है जिससे उम्र बढ़ने का असर उन पर न पड़े। जब महिला मानसिक, शारीरिक या सामाजिक रूप से तैयार हो, तब वह उन्हीं अंडों से गर्भधारण कर सके।

**सवाल- महिलाएं एग फ्रीजिंग क्यों कराती हैं?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग इसलिए कराई जाती है ताकि महिलाएं अपनी फर्टिलिटी को भविष्य के लिए सुरक्षित रख सकें। कई महिलाएं करियर बनाना चाहती हैं, आर्थिक रूप से स्थिर होना चाहती हैं, देर से शादी प्लान करती हैं या किसी मेडिकल कारण से फिलहाल प्रेग्नेंसी टालना चाहती हैं।

**सवाल- एग फ्रीजिंग कितनी सेफहै?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग को मेडिकल भाषा में ओसाइट क्रायोप्रिजर्वेशन कहा जाता है। अनुभवी फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट की देखरेख में यह प्रक्रिया आमतौर पर सुरक्षित मानी जाती है। आज इस्तेमाल होने वाली तकनीकें पहले के मुकाबले ज्यादा एडवांस और भरोसेमंद हैं, जिससे अंडों को फ्रीज करने की सफलता दर बेहतर हुई है।



**सवाल- एग फ्रीज कराने की आइडियल उम्र क्या होती है?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि विशेषज्ञों के मुताबिक, 35 साल से पहले एग फ्रीज कराना बेहतर माना जाता है। इस उम्र तक अंडों की क्वालिटी अच्छी होती है। हालांकि महिला की सेहत, जेनेटिक फैक्टर्स और हॉर्मोनल स्थिति भी मायने रखती है। एक स्टडी में पाया गया है कि 37 साल से पहले एग फ्रीजिंग का फायदा सबसे ज्यादा होता है। यह ज्यादा कॉस्ट-इफेक्टिव भी होती है।

**सवाल- एग फ्रीज कराने का खर्च कितना आता है?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एक सिंगल साइकिल का खर्च लगभग 1 लाख से 2.5 लाख रुपये के बीच हो सकता है। यह इस्तेमाल की गई दवाओं, महिला के ओवेरियन रिजर्व और क्लिनिक या शहर पर निर्भर करता है। इसके अलावा अंडों को स्टोर करने का सालाना चार्ज अलग से लिया जाता है, जो आमतौर पर क्लिनिक-टू-क्लिनिक अलग होता है।

**सवाल- क्या एग फ्रीज कराने के साइड इफेक्ट होते हैं?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग के साइड इफेक्ट ज्यादातर अस्थायी और हॉर्मोन से जुड़े होते हैं। हॉर्मोनल दवाओं के कारण ब्लोटिंग, मूड स्विंग्स, सिरदर्द, थकान, ब्रेस्ट टेंडरनेस हो सकती है। एग रिट्रीवल के बाद हल्का दर्द या स्पॉटिंग भी हो सकती है। गंभीर लेकिन दुर्लभ मामलों में ओवेरियन हाइपरस्टिम्युलेशन सिंड्रोम या बहुत ही कम मामलों में ओवेरियन टॉर्शन का खतरा होता है।

**सवाल- एग फ्रीजिंग से पैदा हुए बच्चे कितने हेल्दी होते हैं?**

**जवाब-** डा0 शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि एग फ्रीजिंग से जन्मे बच्चे आम तौर पर पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य होते हैं। रिसर्च बताती है कि ऐसे बच्चों में नेचुरल कंसेप्शन या फ्रेश प्टथ् से जन्मे बच्चों की तुलना में कोई ज्यादा स्वास्थ्य जोखिम नहीं पाया गया है, खासकर तब जब अंडे कम उम्र में फ्रीज किए गए हों।

# धौलपुर में अवैध बजरी खनन पर पुलिस का प्रहार: चंबल नदी घाटों से 12 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, माफिया फरार



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने अवैध चंबल बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर डीएसटी, थाना सदर, निहालगंज और कोतवाली की संयुक्त टीमों ने चंबल नदी के घाटों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से बजरी का खनन और परिवहन कर रही 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया।

डीएसटी टीम प्रभारी प्रेम सिंह को सूचना मिली थी कि थाना सदर धौलपुर क्षेत्र के घेर, भमरोली और साहनपुर सहित चंबल नदी के किनारे स्थित घाटों से अवैध बजरी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने एक कार्ययोजना तैयार की, जिसके बाद विभिन्न पुलिस टीमों ने कच्चे रास्तों और संभावित मार्गों पर घेराबंदी की।

पुलिस की अचानक कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। घेराबंदी से बचने के लिए माफिया ऊबड़-खाबड़ जमीन और खेतों का फायदा उठाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीमों ने सभी 12 बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना सदर धौलपुर में मामला दर्ज किया

है। जब्त वाहनों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में अवैध खनन और परिवहन के मामलों में वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 32 प्रतिशत अधिक कार्रवाई की गई है। वर्ष 2024 में 314 मामले दर्ज कर 440 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि वर्ष 2025 में 414 मामले दर्ज कर 514 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## श्रमिक हितों की रक्षा का संकल्प

## भारतीय मजदूर संघ की श्रम संहिता जन-जागरण बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारतीय मजदूर संघ ब्यावर द्वारा श्रम संहिता को लेकर जन-जागरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ब्रह्मानंद जी की बगीची में किया गया। बैठक में श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा लागू नई श्रम संहिताओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिमोहन शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता गोपाल सिंह चौहान ने की। महामंत्री शंकर सिंह लगेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लागू श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके श्रमिक हितों पर प्रभाव को स्पष्ट किया। इस अवसर पर संगठनात्मक मजबूती एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संभाग संगठन मंत्री दिलीप टांक, सुरक्षक दिलीप सेन, छगनदान चारण, नीरू काठात, राजू भाटी, किरण चौहान, घिसु पटेल, घनश्याम भाट, अजीत सिंह, मनोहर सिंह, लक्ष्मण सिंह, भगवान सिंह, शाहिद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक के माध्यम से श्रमिकों को जागरूक कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

## कानून की पकड़ में जुआरी

## ब्यावर सदर पुलिस की कार्रवाई, जुआ खेलते 7 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा एवं पुलिस उप अधीक्षक राजेश कसाणा के निर्देशन में पुलिस थाना ब्यावर सदर द्वारा जुआ एवं लोकल एक्ट की प्रभावी कार्रवाई की गई पुलिस निरीक्षक श्री गजराज के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लगातार सूचना संकलन एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर गांव फतेहगढ़ सल्ला में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से कुल 5890 रुपये नकद जब्त किए।इस कार्रवाई में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण संख्या 22/2026 एवं 23/2026 के तहत धारा 13 आरपीजीओ एक्ट एवं 112 बीएनएस में मामला दर्ज किया गया है।पुलिस थाना ब्यावर सदर की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का सख्त संदेश गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे भी ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

## विश्व शांति दिवस मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** बीके आशा दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के निंबाहेड़ा सेवा केंद्र पर प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57 वाँ पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया ।आशा दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी विद्यालय के साकार संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा का पुण्य स्मृति दिवस पूरे विश्व के अंदर विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने पिताश्री ब्रह्मा बाबा के जीवन परिचय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह इस कलयुग की सृष्टि के अंदर एक महान आत्मा, एक पुण्य आत्मा के रूप में इस धरती पर जन्म लेकर परमपिता परमात्मा शिव बाबा का साकार माध्यम बने तथा 1936- 37 से ही परमपिता परमात्मा शिव ने उनके साकार रथ का आधार लेकर इस सृष्टि पर पुनः एक स्वर्णिम दुनिया निर्माण करने का यह दिव्य कार्य आरंभ किया और पिता श्री ब्रह्मा बाबा वह महान हस्ती रहे जिन्होंने सदैव अपना तन मन धन समय श्वास संकल्प संबंध सब कुछ परमपिता परमात्मा शिव बाबा की श्रीमद् अनुसार इस यज्ञ में स्वाहा कर दिया। कभी भी उन्होंने इस ईश्वरीय सेवा में अपनी मनमत नहीं दिखाई तथा सदैव ही अपने आप को एक सेवादारी के रूप में समझा आशा दीदी ने बताया कि ब्रह्मा बाबा वह दिव्य अलौकिक शक्ति थे जिन्होंने साधारण माता बहनों, कन्याओं को शिव शक्ति के रूप में विश्व के आगे प्रत्यक्ष किया जीन माता बहनों को समाज के अंदर कोई सम्मान नहीं दिया जाता था । उन माता बहनों के द्वारा परमात्मा शिव बाबा का यह दिव्य कार्य पिता श्री ब्रह्मा ने बहुत ही अच्छी रूप से संचालित किया जिसका स्वरूप आज हम देख रहे हैं कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केवल एक मात्र संस्था नहीं यह ईश्वरीय परिवार है जो केवल भारत में ही नहीं अभी तो पूरे विश्व के अंदर अपने ईश्वरीय ज्ञान का दान दे रही है ।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मातृशक्ति की बैठक आयोजित

निंबाहेड़ा (नि.स.)। लुणखंदा गांव में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मातृशक्ति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान सम्मेलन की व्यवस्थाओं, कार्यक्रम की रूपरेखा, अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मातृशक्ति ने सम्मेलन में अपनी सक्रिय और सशक्त भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय के साथ वितरण भी किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ता प्रियंका जैन ने कहा कि मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा ऐसे आयोजनों को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर सम्मेलन को भव्य, अनुशासित एवं सफल बनाने का आह्वान किया। अंत में बैठक का समापन संगठनात्मक एकता बनाए रखने तथा आगामी हिंदू सम्मेलन की सफलता की कामना के साथ किया गया।

## गोपाल लढ़ा अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था के युवा विभाग अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था में संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्ति की गई है। संस्था ने गोपाल लढ़ा (शिवलाल लढ़ा) को युवा विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में संस्था की ओर से उन्हें विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति के अवसर पर अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था की भीलवाड़ा जिला इकाई एवं राजस्थान प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों ने गोपाल लढ़ा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में युवा विभाग समाजसेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और सक्रियता के साथ कार्य करेगा।

## प्रशासन ने धरने पर की किसानो से वार्ता

# क्षेमा कम्पनी का पकड़ में आया गड़बड़झाला

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** फसल खराबा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अनियमितताए,नैनवां में स्वीकृत गौण मण्डी को चालू किया जाने की मांग को लेकर किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानो का धरना शनिवार को 17वे दिन भी जारी रहा। किसान महापंचायत के तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा,उसकी पत्नि रेखा मीणा ने धरने पर एक दिन का उपवास रखा गया। धरने पर पूर्व सरपंच सोजी लाल मीणा, देवलाल चांदना,हरिशंकर धाकड़ संभाग प्रभारी कोटा,सोनारायण मीणा,सम्पत सिंह,गणेश चौधरी,रामावतार डोई, दिनेश उपसरपंच,रामप्रसाद नागर, अशोक मीणा सहित कई किसान धरने पर मौजूद रहे।

वार्ता के लिए धरने पर पहुँचे प्रशासन अधिकारी

दोपहर को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पर किसान प्रतिनिधि मण्डल को बुलाया गया। लेकिन वार्ता सबके सामने धरने पर किया जाने निर्णय के बाद उपखण्ड अधिकारी भागचंद रैगर, जोइंट डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा,क्षेमा कम्पनी के जिला कॉर्डिनेटर जितेन्द्र सिंह नरूका, कृषिअधिकारी राम सिंह चौधरी,सहायक कृषि अधिकारी हरिराम चौधरी, खुशराज नागर, क्षेमा कम्पनी के ब्लॉक कार्डिनेटर मुकेश मीणा ने किसानो से धरने पर वार्ता की गई। इस दौरान किसानो ने क्षेमा कम्पनी के सर्वेयर, कृषि प्रवेक्षक एंव किसान के हस्ताक्षर युक्त आवेदन को दिखाया गया जिसमें फसल खराबा 68 प्रतिशत अंकित हो रहा है,लेकिन क्षेमा बीमा कम्पनी के पोर्टल पर 68प्रतिशत के स्थान पर केवल 6 प्रतिशत फसल खराब दर्ज दिखाया जा रहा है।

किसानो का कहना है,कि यह तो एक उदाहरण है,ऐसे कई आवेदक है, जिसमें गड़बड़झाला है। मौके पर जोइंट डायरेक्टर ने क्षेमा कम्पनी के जिला कॉर्डिनेटर को क्षेत्र के 53 हजार आवेदको की जॉच किया जाने के लिए विभागीय पत्र जारी करने के लिए कहा गया। किसानो ने कम्पनी के जिला कॉर्डिनेटर से जांच सीमा बताने का आग्रह किया लेकिन वे समय सीमा नहीं बता सके। उन्होने तकनीकी गलती होने स्वीकार करके कम्पनी के उच्चाधिकारियो को अवगत करवाया। इसके बाद कुछ किसानो ने बताया कि बैंक द्वारा उनके खाते में से प्रीमियम राशि काटी गई लेकिन उनको बीमा पॉलिसी जारी नहीं की गई। इसके लिए बून्दी में भारतीय रिर्जव बैंक को शिकायत किया जाना चाहिए। नैनवां में स्वीकृत गौण मण्डी मामले में उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि देई उपज मण्डी के अधिकारियो से वार्ता हो गई है। गौण मण्डी को इसी सीजन में शुरू किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। फसल खराबा की सुचियो का पटवार मण्डल स्तर पर चस्पा किया जाने पर सहमती बनी।

धरना जारी रखा जाने का लिया निर्णय-

प्रशासन की वार्ता के बाद धरने पर मौजूद किसानो ने बताया कि जब तक किसानो के खाते में मुआवजा राशि नहीं डल जाती एंव गौण मण्डी शुरू नहीं हो जाती तब तक किसानो का धरना जारी रहेगा।

### इनका कहना

किसानो से सभी बिन्दओ पर वार्ता हुई है। किसानो से धरना खत्म किया जाने का आग्रह किया है।

**भागचंद रैगर,** एसडीएम नैनवां

प्रधान मंत्री फसल योजना के हार्ड कॉपी एंव पोर्टल पर अंकित डाटा का मिलान किया जाने के लिए क्षेमा कम्पनी को पत्र लिख कर 53 हजार आवेदको की जॉच करवाई जायेगी

**राजेश शर्मा,**जोइंट डायरेक्टर बून्दी

## गुर्जर समाज की संभाग स्तरीय बैठक में समाज सुधार की दिशा में हुवे महत्वपूर्ण निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** गुर्जर समाज की संभाग स्तरीय बैठक का शनिवार को समाज के पदाधिकारियों एवं युवा वर्ग की उपस्थिति में आयोजन किया गया।जिसमे समाजजनों द्वारा समाज सुधार की दिशा में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। गुर्जर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी छगनलाल गुर्जर ने बताया कि संभाग स्तरीय गुर्जर समाज की बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों द्वारा समाज सुधार की दिशा में सुझावों के साथ गहन विचार विमर्श किया गया।जिसमे धार्मिक स्थलों का विकास,मृत्यु भोज,बालविवाह,धौवरा प्रथा,डीजे साउंड बंद करने सहित समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने का सर्वसम्मति से समाजजनों द्वारा निर्णय लिया गया।साथ ही गुर्जर समाज की संभाग स्तरीय बैठक के दौरान समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में समाज के जिला संरक्षक कैलाश गुर्जर, सुखराम गुर्जर,गेहरीलाल गुर्जर,देशराज गुर्जर, नारायणलाल गुर्जर,किशनलाल गुर्जर,गोपीलाल गुर्जर, गोपाल गुर्जर,रतनलाल गुर्जर,मनोहरलाल गुर्जर, राजकुमार गुर्जर,मनीष गुर्जर,नारायणलाल गुर्जर सहित गुर्जर समाज के पदाधिकार,कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल के 'चलो खेले कबड्डी' अभियान के तहत भीलवाड़ा में दो दिवसीय प्रतियोगिता शुरू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल द्वारा 'चलो खेले कबड्डी—हिंदू युवाओं को बलवान करें' अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह आयोजन विश्व हिंदू परिषद की अखिल भारतीय योजना के तहत युवा दिवस को खेलों के माध्यम से मनाने की श्रृंखला का हिस्सा है।

प्रतियोगिता का आयोजन बी.एस. राणावत बास्केटबॉल स्टेडियम, चित्रकूट धाम में भीलवाड़ा महानगर इकाई द्वारा किया जा रहा है, जिसमें महानगर क्षेत्र की कुल 20 टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य महंत मोहन शरण जी (निंबार्क आश्रम), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक कैलाश खोईवाल, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल तथा प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवाओं में शारीरिक सुदृढ़ता, राष्ट्रभाव और संघर्षशीलता विकसित करना है, ताकि युवा वर्ग समाज की सुरक्षा और राष्ट्रनिर्माण के लिए सदैव तत्पर रहे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया। महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा ने कहा कि बजरंग दल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनाने हेतु निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

प्रतियोगिता में प्रखंड 1 से तात्या टोपे, माधव, सवाईभोज; प्रखंड 2 से छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, महर्षि वाल्मीकि; प्रखंड 3 से डॉ. भीमराव अंबेडकर, बप्पा रावल, राणा सांगा; प्रखंड 4 से अशोक सिंघल; प्रखंड 5 से हेमू कालाणी, बाल गंगाधर तिलक; प्रखंड 6 से संत कबीर दास, केशव बलिराम तथा प्रखंड 7 से सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आज़ाद नामक टीमों ने भाग लिया।

## ऑपरेशन विषहरण के तहत पुलिस थाना कपासन की टीम ने बड़ी कार्यवाही को दिया अंजाम

### अवैध 16.75 ग्राम एमडीएमए मौली पाउडर के साथ वाहन जप्त

बढ़ता राजस्थान



कपासन (नि.स.)। ऑपरेशन विषहरण के तहत पुलिस थाना कपासन की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुवे 10 लाख रु. की कीमत का अवैध एमडीएमए मौली पाउडर एवं वाहन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार तथा एक बाल अपचारी को डिटेन किया गया है।

जानकारी अनुसार पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव एवं जिला पुलिस अधीक्षक चितौडग़ढ़ मनीष तिवारी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं मादक पदार्थ सेवन करने के विरुद्ध ऑपरेशन विषहरण संचालित किया जा रहा है ।जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चितौडग़ढ़ सरिता सिंह एवं वृताधिकारी कपासन हरजीलाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन सुनील शर्मा की अगुवाई में अवैध एमडीएमए मौली पाउडर की तस्करी के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्यवाही की गयी ।जिसमे एक तस्कर को गिरफ्तार तथा एक बाल अपचारी को डिटेन किया गया ।इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा 10 लाख की कीमत के एमडीएमए मौली पाउडर के साथ वाहन को जप्त करने की कार्यवाही की गयी।

यहां पुलिस थाना कपासन की टीम द्वारा शनिमहाराज-कपासन मार्ग पर शुक्रवार रात्रि नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोका गया ।जिस पर दो व्यक्ति आवेश मोहम्मद (23) पिता इकबाल मोहम्मद जाती मुसलमान निवासी मंडफिया पुलिस थाना मंडफिया एवं एक बाल अपचारी बैठा था ।पुलिस प्रशासन द्वारा नियमानुसार तलाशी ली गयी ।जिनके कब्जे से 16.75 ग्राम अवैध एमडीएमए मौली पाउडर मिला ।पुलिस प्रशासन द्वारा एमडीएमए मौली पाउडर,मोटर साइकिल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज अग्रिम अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन विषहरण के तहत हुई उक्त बड़ी कार्यवाही में पुलिस थाना कपासन की टीम में उपनिरीक्षक गोवर्धन सिंह,कॉन्स्टेबल कुंज बिहारी, देवीलाल,सुशील,राजेंद्र एवं महेंद्र सिंह शामिल रहे ।जिनके द्वारा मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

**एक देश-एक विधान के लिए देशभर में गूंजे स्वर : अश्विनी उपाध्याय**

## जनचेतना मंच राजस्थान की भीलवाड़ा शाखा द्वारा रामराज्य विषय पर संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारत को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज भी अंग्रेजों द्वारा बनाए गए अनेक कानून प्रभावी हैं, जो सनातन संस्कृति के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि एक देश-एक विधान के लिए देशभर से सशक्त आवाज उठे। यह विचार प्रख्यात चिंतक एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने शनिवार को जनचेतना मंच राजस्थान की भीलवाड़ा शाखा द्वारा 'रामराज्य' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए।

उपाध्याय ने अपने लगभग एक घंटे के बेबाक उद्बोधन में कहा कि सांसदों और विधायकों पर यह जनदबाव बनाना होगा कि वे संसद और विधानसभाओं में सनातन विरोधी तथा अंग्रेजों की देन कानूनों में बदलाव करें। किसी धर्म विशेष के लिए अलग कानूनी प्रावधान नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा, हम बंटेंगे नहीं, पर घटेंगे तो कटेंगे—इसलिए घटने से रोकना होगा। बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने चेताया कि आबादी में गिरावट के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने अवैध घुसपैठ को देश की डेमोग्राफी बदलने वाला बताया और कहा कि इसे रोकने के लिए भ्रष्ट व्यवस्था पर सख्ती जरूरी है, जहाँ पैसों के दम पर प्रवेश से लेकर दस्तावेज तक बन जाते हैं। उपाध्याय ने यह भी कहा कि मंदिर और मठ सरकारी नियंत्रण में हैं जबकि अन्य धर्मस्थल इससे बाहर—यह असमानता समाप्त होनी चाहिए। देश के लगभग चार लाख मंदिरों को मुक्त करने से प्राप्त संसाधनों से गौसेवा और मानवसेवा जैसे कार्य किए जा सकते हैं। धर्मांतरण रोकने और घर-वापसी के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता भी उन्होंने जताई।

संगोष्ठी के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब अशोक कोठारी मंच से उतरकर श्रोताओं के बीच बैठ गए। उपाध्याय ने इसे अनुकरणीय बताया। मंच पर हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसारामजी महाराज, डॉ. आई.एम. सेठिया, लक्ष्मीनारायण डाड, मदन खटोड़, बनवारीलाल व्यास व लोकेश व्यास उपस्थित रहे। संचालन सीताराम सोनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में उच्छब सोनी ने आभार व्यक्त किया।

# भू-माफियाओं के नोटो की गड्डियों के सामने जेडीए प्रशासन हुआ नतमस्तक

## निमेंडा गांव में दर्जनों कॉलोनियां अवैध जिसका खामियाजा पटटाधरी को भोगना पड़ेगा

## ग्राहक झांसे में आकर हो रहे है ठगी के शिकार





बढ़ता राजस्थान

**कालवाड ( झाबर सिंह धायल )।** भू-माफियां दिन प्रतिदिन अवैध कोलोनियों की बसावट जोरो से कर रहे है इन भूमाफियों पर लगाम कसने के लिए सरकार ने कई विभाग बना तो रखे है लेकिन नोटो की गडिडयों के सामने सब नतमस्तक हो जाते है। जिससे भू-माफियों इतने भारी हो गये की झोटवाडा विधान सभा के कालवाड तहसील में सरकारी स्कूलों व नदी नालों के साथ मंदिर माफी खातेदारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अवैध कोलोनियों का विस्तार जोरो पर कर रहे है। जबकि प्रदेश में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की रोकथाम व अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए कई प्रयास कर रही है। लेकिन जब स्थानीय प्रशासन व संबधित विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली के हालात जस के तस है । ऐसा भ्रष्टाचार ओर मिलिभगत का मामला कालवाड तहसील के निमेंडा गांव में खातेदारी भूमी खसरा नं33 पर बिना भूरूपांतरण किये बजरंग वाटिका के नाम से कोलोनी सर्जित किये जा रहे हे जिसमें ग्रेवल सडको का निर्माण पूरा हो चुका है इसके साथ ही खसरा नं 3व 3 /4 की गौर मुमनकीन नाले की भूमी पर भू-माफियों द्वारा अवैध आवासीय कॉलोनी बसा कर निर्माण किया जा रहा है। यह एक ही कॉलोनी पूरे जेडीए विभाग की पोल खोल रही है तहसील व जेडीए के अधिकारी जिम्मेदारी से अनजान हो रहे है।

### आखिर ऐसा क्या है जो जेडीए इतना मेहरबान हो गया

निमेडा में जेडीए की गैर मुनकीन नाले व सरकारी स्कूल की जमीनों के साथ खोतेधारी जमीनों पर बिना भूरूपांतरण अवैध आवासीय कोलोनी की बसावट में सड़को व चार दिवारी का निर्माण कार्य जोर शोर से चला रखा है। भूमाफिया द्वारा अवैध आवासीय कोलोनी में सुरजपोल ग्रह निर्माण सहकारी समिति के फर्जी पटटे जारी कर भू आवंटन कर रहै है वहीं खातेदारी जमीन खसरा नं 33 में राज हंष ग्रह निर्माण सहकारी समिति के पटटे जारी किये जा रहे है। जबकी कई जगह तो मकानों का निर्माण चालू है

सवाल यह उठता है की आखिर जेडीए व तहसील प्रशासन क्षेत्र में कई भूमाफियो व बिल्डरों पर क्यो मेहरबान हो जाता है जब कोई सबंधित अधिकारी को सूचना देते है तो कहते है की आप बताये क्या अपढेट है की कहावत कह देते है।

### नहीं मिलती सुविधाएं

खातेदारी भूमी पर बिना भूरूपांतरण किये व नदी नालो की जमीन पर भू-माफियो द्वारा आवासीय कॉलोनी बसा देते है लेकीन उसमें सडक,पानी ,सीवरेज की सुविधाऐं नहीं करते और आगे जाकर उसका खामियाजा पटटाधारियों को उठाना पड़ता है। जयपुर शहर को विश्वस्तरीय शहर बनाने वाले जेडीए के ढांचे को बिगाडते अवैध निर्माण निमेंडा में खातेदारी भूमी खसरा नं 33 के साथ खसरा नं 3 व 3 / 4 गैर मुनकीन नदी नाले की जमीन पर सर्जित अवैध आवासीय कॉलोनी में निर्माणों की भर मार से लगता है की जयपुर शहर आगामी कई वर्षो में भी विश्वस्तरीय की तर्ज पर नहीं बन पायेगा । क्योंकी जब बरसात में बहाव क्षेत्र में पानी की निकासी नही होगी तो मकान धारियों का भारी नुकसान होगा इन अवैध कॉमर्शियल दुकानो व भूखण्डों को देखने पर साफ नजर आता है जेडीए जयपुर शहर को विश्वस्तरीय शहर बनाना का सपना लेकर आये दिन घोषणाएं कर रहा है लेकिन हकीकत और ही नजर आती है।

# घी-कारोबारी के घर मिला 5 करोड़ का सोना, 35 लाख नकद

## मालाणी डेयरी समूह पर आयकर विभाग की कार्रवाई, मकान सहित 5 ठिकानों पर रेड

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर।** जोधपुर के मालाणी डेयरी समूह पर तीसरे दिन शनिवार को आयकर विभाग की कार्रवाई में करीब 5 करोड़ का साढ़े तीन किलो सोना और 35 लाख रुपए कैश मिला है। यूपी से आई आयकर इन्वेस्टिगेशन विंग अब इस सोने की खरीद के बिल और नकदी के स्रोत की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा कंप्यूटर, मोबाइल, हार्ड डिस्क, पैन ड्राइव इत्यादि की छानबीन की जा रही है। व्यवसायी घनश्याम सोनी और उनसे जुड़ी फर्मों पर 15 जनवरी से कार्रवाई की जा रही है। सोनी के शास्त्री नगर, मंडोर मंडी, बोरानाडा, न्यू पॉवर हाउस रोड और भीतरी शहर स्थित मकान सहित 5 ठिकानों पर रेड शुरू हुई थी। तीन दिन से घर और दफ्तर पुलिस छावनी बने हुए हैं और किसी को भी बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

**डिजिटल डाटा की हो रही फॉरेंसिक जांच**-छापेमारी के दौरान आयकर अधिकारियों का पूरा फोकस अब इलेक्ट्रॉनिक सबूतों पर है। इसके लिए विभाग की टीमें समूह के ठिकानों से मिले कंप्यूटर, मोबाइल, हार्ड डिस्क, पैन ड्राइव इत्यादि की छानबीन कर रही हैं। इसके अलावा मालाणी समूह के मालिक सोनी परिवार के बैंक खातों और बैंक लॉकर्स के बारे में भी पड़ताल की जा रही है। रेड के दौरान ऑफिस और घर से लैपटॉप, हार्ड डिस्क और मोबाइल कब्जे में लिए गए हैं।

**डाटा रिकवरी**-आशंका है कि टैक्स चोरी के लिए कच्ची पर्चियों का हिसाब कंप्यूटर में कोड वर्ड या अलग फोल्डर में रखा गया होगा। विभाग के एक्सपर्ट्स इन डिवाइसेज की क्लोनिंग कर रहे हैं और डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने का प्रयास कर रहे हैं। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि कानपुर और देश के कई अन्य राज्यों में की गई बटर की सप्लाई में कितनी बोगस बिलिंग हुई है।

# गडकरी बोले- अपने शहर में टॉयलेट का पानी बेचता हूं

## विदिशा में कहा- उस पानी से 300 करोड़ रुपए मिलते हैं, अब कचरा बेचने लगा हूं



बढ़ता राजस्थान

**विदिशा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा, मैं अपने शहर में टॉयलेट का पानी बेचता हूं। 300 करोड़ मिलते हैं। अब कचरा बेचने लगा हूं। मैं छात्र नेता था। गांव में दीवारों पर लिखने का काम करता था। दिल्ली-मुंबई पता नहीं था। तब सही नेता मिले, मार्गदर्शन मिला। जब अच्छे नेता मिलते हैं तो परिवर्तन भी सही दिशा में होता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को मध्य प्रदेश के विदिशा में हैं। उन्होंने यहां रोड शो किया। गडकरी और शिवराज के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद हैं। विदिशा की कृषि उपज मंडी परिसर मुख्य समारोह आयोजित किया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने करीब 181 किलोमीटर लंबी 8 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शहर को 4400 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क परियोजनाओं और ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों सौगात भी दी।

### शिवराज बोले- गड्ढों के साथ मामा का फोटो लगा देते हैं

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, सीएम डॉ. मोहन यादव विदिशा में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करके गए। लेकिन अंदर की छोटी गलियों की सड़क में भी गड्ढा हो जाए तो लोग आज भी मामा के साथ गड्ढे का फोटो लगा देते हैं। अब गली की सड़क का केंद्रीय मंत्री क्या करेंगे।

### सीएम बोले- जो काम करता है वो राज करता है

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, काम करने वालों के साथ जनता होती है। जो काम करता है वो राज करता है। गडकरी जी आपको अभी उज्जैन के विकास कार्यों के लिए भी आना पड़ेगा। केवल विदिशा के लिए आपको छोड़ेंगे नहीं।

# भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन सिंगापुर पहुंचा

## भारत के हाई कमिश्नर ने ट्रेनी से मुलाकात की

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (आईटीएस) सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पहुंच गया है। इस स्क्वाड्रन में आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और इंडियन कोस्ट गार्ड शिप सारथी शामिल हैं। यह दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी की ट्रेनिंग डिप्लॉयमेंट का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही है।

यह दौरा खास इसलिए है, क्योंकि वर्ष 2026 को भारत और आसियान ने 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दौरान भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं क्षमता बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को मजबूत करने के लिए कई गतिविधियां कर रही हैं। दोनों पक्षों के ट्रेनी अधिकारियों के बीच स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग एक्सचेंज, जॉइंट योगा सेशन और खेल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इंडियन नेवल बैंड सिंगापुर की प्रमुख जगहों पर परफॉर्मेंस देगा। जहाजों पर स्कूली बच्चों के लिए दौरा भी रखा गया है, ताकि वे नौसेना की जिंदगी देख सकें। स्क्वाड्रन के पहुंचने पर भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पक अंबुले ने ट्रेनी से मुलाकात की और मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड के कमांडर से बातचीत की। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर की टीम ने भी प्रोफेशनल अनुभव साझा किए।

दूसरे दिन कम्युनिटी कार्यक्रम, सिंगापुर नेवी के साथ बातचीत, इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजियम का दौरा, खेल मुकाबले और श्री नारायण ओल्ड एज एंड नर्सिंग होम में आउटरीच गतिविधियां हुईं। यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को मजबूत करता है और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ समुद्री साझेदारी बढ़ाता है।

साथ ही यह इंडियन ओशन नेवल सिम्पोजियम (आईओएनएस) में भारत की लीडरशिप और महासागर विजन के मुताबिक समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है। स्क्वाड्रन आगे इंडोनेशिया और थाईलैंड भी जाएगा।

# राहुल बोले-पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल

## इंदौर में मृतकों के परिजन को डेढ़-डेढ़ लाख के चेक दिए; कहा- सरकार जिम्मेदारी ले

बढ़ता राजस्थान



**इंदौर।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे। राहुल सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए,जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की। राहुल ने कहा- ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। ये है अर्बन मॉडल। उन्होंने कहा, सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। इस दौरान राहुल भागीरथपुरा भी गए और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने दूसरे प्रभावितों से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपए के चेक दिए।

इस दौरान राहुल के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अजय सिंह भी रहे। दरअसल, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 24 मौतें हुई हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# इस बार वंदे मातरम् के 150 वर्ष को समर्पित भव्य राष्ट्रीय उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गणतंत्र दिवस 2026 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की स्पष्ट व प्रभावी छाप दिखाई देगी। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में 'स्वतंत्रता का मंत्र - वंदे मातरम्' और 'समृद्धि का मंत्र - आत्मनिर्भर भारत' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। परेड में कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल हैं।

वहीं, परेड के तुरंत बाद वायुसेना के फ्लाईपास्ट में राफेल, सुखोई-30, पी-8आई, सी-130, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच, एमआई-17 जैसे विमान व हेलीकॉप्टर शामिल रहेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण एवं हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा व यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन मुख्य अतिथि होंगे।

वहीं 'वंदे मातरम्' थीम पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। 26 जनवरी की परेड में 6 राज्यों/व विभागों की झांकियां 'वंदे मातरम्' विषय पर आधारित होंगी। गणतंत्र दिवस परेड को लेकर जानकारी रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दी। गणतंत्र दिवस परेड 2026 की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी। भारतीय सेना का फेज्ड बैटल ऐरे फॉर्मेशन देखने को मिलेगा।

थल, जल और वायु सेनाओं की संयुक्त शक्ति का प्रदर्शन एक बड़ा आकर्षण होगा। सेना का भैरव दल, लद्दाख स्काउट्स, ड्रोन शक्ति, शक्तिबान और पशु दल (जांस्कर पोनी, बैक्ट्रियन ऊंट, श्वान) भी परेड का हिस्सा हैं। 26 जनवरी परेड के बाद होने वाली बीटिंग रिट्रीट समारोह में सभी बैंड 'वंदे मातरम्' की धुन बजाएंगे। कर्तव्य पथ पर बड़ी स्क्रीन पर 'वंदे मातरम्' से जुड़े वीडियो प्रदर्शित किए जाएंगे। गुब्बारों के माध्यम से भी 'वंदे मातरम्' बैनर का विमोचन किया जाएगा।

यही नहीं, 19 से 26 जनवरी तक देश भर के 126 शहरों में 234 स्थानों पर पैन इंडिया बैंड परफॉर्मेंस दी जाएगी। 26 जनवरी के आमंत्रण पत्र, टिकट और पुष्प सज्जा भी इसी थीम पर आधारित हैं। नागरिकों की सुविधा की बात करें तो दिल्ली मेट्रो 26 जनवरी को सुबह 3 बजे से शुरू होगी। गणतंत्र दिवस के निमंत्रण व टिकट धारकों के लिए मेट्रो यात्रा निशुल्क रहेगी।



26 जनवरी परेड स्थल पर सभी एनक्लोजर्स में दिव्यांग-अनुकूल रैम्प की व्यवस्था की जाएगी। एनसीसी और माय भारत के स्वयंसेवक मार्गदर्शन के लिए तैनात रहेंगे। परेड देखने आने वाले लोगों के लिए क्लॉक रूम, पेयजल, शौचालय व प्राथमिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था की जाएगी। एनक्लोजर्स के नाम नदियों और बीटिंग रिट्रीट के लिए वाद्य यंत्रों पर रखे गए। ट्रैफिक, पार्किंग और बैठने की जानकारी राष्ट्रपर्व पोर्टल और ऐप पर उपलब्ध होगी।

पार्किंग स्थल गूगल मैप और मैप माई इंडिया पर पिन किए गए हैं। क्यूआर कोड के माध्यम से सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। रक्षा सचिव ने बताया कि देशभर से लगभग 10,000 विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किए गए हैं। इनमें स्टार्टअप, नवाचार, रोजगार सृजन करने वाले, स्वयं सहायता समूहों और सरकारी योजनाओं के उत्कृष्ट योगदानकर्ता शामिल हैं।

माईगोव और माई भारत पोर्टल पर निबंध, चित्रकला, गायन, क्विज व प्रतियोगिता विजेताओं को भी कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में कुल 30 झांकियां शामिल होंगी। ये झांकियां 17 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और 13 मंत्रालयों की हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।